रांची, गुरुवार, 20 मार्च 2025

संवत 2081, चैत्र कृष्णपक्ष 6 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 194 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ चुलबुली गौरैया के लिए घर में बनाएं घोंसला

सनी ने थामा भोजपुरी सिंगर का हाथ ◂◂ 6


### उरीमारी में उग्रवादियों का तांडव

# एनटीपीसी अधिकारी की गोली मारकर हत्या, दहशत

## पेलोडर मशीन जलाया, पांच वाहन क्षतिग्रस्त

**संवाददाता**

**रांची/हजारीबागः** जिले के न्यू बिरसा परियोजना में अपराधियों ने जमकर तांडव मचाया। उग्रवादियों ने नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन के एक अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी है। केरेडारी कोयला खदान में तैनात एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक (डीजीएम-डिस्पैच) कुमार गौरव काम पर जा रहे थे, तभी दो अज्ञात लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं। श्री गौरव की पीठ में गोली लगी और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले थे।



उग्रवादियों ने एक पेलोडर मशीन को जला दिया। 2 पेलोडर मशीनों और 3 हाइवा के शीशे तोड़ दिये। इतना ही नहीं, दहशत फैलाने के लिए कोयला डिपो में फायरिंग भी की। परियोजना के कर्मचारियों और आसपास के विस्थापितों में दहशत का माहौल है। विस्थापितों ने उरीमारी, बिरसा और न्यू बिरसा परियोजना में काम पूरी तरह से ठप कर दिया है। लोडिंग भी बंद है।

**रामगढ़-हजारीबाग सीमा पर हुई घटना, 5 वाहनों में की गयी तोड़फोड़:** घटना बुधवार रात रामगढ़ और हजारीबाग की सीमा पर स्थित उरीमारी न्यू बिरसा कोल डिपो में हुई। हथियार से लैस अपराधियों ने पहले 5 राउंड फायरिंग की। इसके बाद कोयला डिपो में खड़े जेसीबी को फूंक दिया। इसके बाद 5 अन्य वाहनों (2 जेसीबी और 3 हाइवा) में जमकर तोड़फोड़ की।

उग्रवादियों ने नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन के एक अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी है। केरेडारी कोयला खदान में तैनात एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक (डीजीएम-डिस्पैच) कुमार गौरव काम पर जा रहे थे, तभी दो अज्ञात लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं। श्री गौरव की पीठ में गोली लगी और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले थे।

इससे पहले घटना की जानकारी मिलते ही उरीमारी थाना के प्रभारी राम कुमार राम पेट्रोलिंग कार के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस को आता देख बदमाश वहां से फरार हो गये।

**हिंदेगिर छापर से 10 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लियाः** उरीमारी थाना प्रभारी ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने रांची जिले के हिंदेगिर छापर से 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने कहा है कि अपराधियों को बख्शा नहीं जायेगा। परियोजना में उत्पात मचाने वाले जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।

# सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 22 नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

**बीजापुरः** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बृहस्पतिवार सुबह हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 22 नक्सलियों को मार गिराया। इस घटना में एक जवान की जान भी चली गई। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 18 नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में गंगालूर थाने से नक्सल विरोधी अभियान पर सुरक्षाबलों के संयुक्त दल को रवाना किया गया था।

बस्तर आईजी पी सुंदर राज ने पुष्टि करते हुए बताया कि अभियान के दौरान आज सुबह सात बजे से नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच लगातार गोलीबारी जारी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद के साथ 22 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। इस घटना में बीजापुर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक जवान भी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में मुठभेड़ और खोजी अभियान जारी है।

# दर्दनाक हादसा : कार पर पलटा ट्रेलर ट्रक, एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

**बीकानेर :** बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। बीकानेर के देशनोक इलाके में स्थित ओवर ब्रिज पर एक राख से लदा भारी ट्रेलर ट्रक कार पर पलट गया। कार में सवार सभी 6 लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन और तीन जेसीबी की मदद से ट्रोले को किनारे किया। इसके बाद कार सवार सभी लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि कार नोखा की तरफ जा रही थी। पुलिस ने शवों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक देशनोक में किसी शादी समारोह में शामिल होने आए थे। इसके बाद वे देर रात वापस नोखा जा रहे थे। तभी देशनोक ओवरब्रिज पर कार के साथ चल रहा ट्रोला उस पर पलट गया। इससे कार बुरी तरह से चकनाचूर हो गई और उसमें सवार सभी लोग दब गए। इसके बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस के अनुसार, मृतकों के पास मिले पहचान पत्रों के आधार पर उनके परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है। सूचना मिलते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया और परिवार के सदस्य घटनास्थल पर दौड़ पड़े। पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर क्षतिग्रस्त वाहनों को वहां से हटवाया और ट्रैफिक बहाल किया। सभी शवों का गुरुवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# नाले से सुरंग बनाकर ज्वेलरी शॉप के अंदर घुसे चोर, उड़ाए सोने-चांदी के जेवर

**धनबादः** सुरंग बनाकर कोयले की चोरी तो सुनी ही थी, लेकिन सुरंग बनाकर सोने-चांदी की भी चोरी होना ये शायद ही सुना होगा। दरअसल, धनबाद जिले के कतरास थाना से चंद कदम की दूरी स्थित कनक ज्वेलर्स दुकान में ऐसा ही हुआ।

रविवार को थाना से चंद कदम की दूरी स्थित कनक जेवलर्स दुकान से 14 किलो चांदी और 80 ग्राम सोने के आभूषण की चोरी हुई थी। चोरी की घटना में न तो शटर को तोड़ा गया था न ही ताला। पुलिस के लिए यह चोरी पहेली बन गई थी, लेकिन अब इस चोरी के तरीके का पता चल गया है। घटना के बाद पुलिस अब तक यह पता नहीं लगा सकी कि आखिर दुकान में कैसे चोरी हुई। मामले को लेकर पुलिस ने फिंगर एक्सपर्ट को भी लगाया, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला बावजूद कुछ हाथ नहीं लगा। मामले का तब खुलासा हुआ जब दुकान संचालक दुकान खोल कर साफ- सफाई करने पहुंचा। साफ- सफाई के दौरान दुकान संचालक को दुकान के रेक के नीचे जमीन में सुरंग बनी दिखी तो दुकानदार ने तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की तो पता चला कि चोरों ने दुकान के पीछे सटे रेलवे मध्य विद्यालय के चारदीवारी से सटे नाली में सुरंग बनाकर दुकान में प्रवेश करने का रास्ता बनाया जिसके बाद पुलिस ने थोड़ी कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए डोग स्क्वाड का मदद लिया जिसके बाद विधालय परिसर में दुकान से चोरी हुए लॉकेट, अंगुठी, सहित कई सामान जमीन पर पड़े मिले।



वहीं, पुलिस संदेह के आधार पर दुकान स्टाफ को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जिसे बेगुनाह बताते हुए सैकड़ों की संख्या में लोग बुधवार को कतरास थाना पहुंचे और पुलिस से युवक को छोड़ने की मांग की। लोगों को थाना प्रभारी असीत कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि पुलिस मामले का तहकीकात कर रही है। अगर हिरासत में लिया गया युवक की संलिप्तता नहीं मिली तो उसे छोड़ दिया जाएगा।

## पेड़ को पानी दे रहे टैंकर को ट्रेलर ने मारी टक्कर, 1 की मौत,2 घायल

**धनबाद :** जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित जोड़ापीपर एनएच 19 का है। बताया जा रहा है कि ट्रेलर और पहले से खड़े पानी के टैंकर के बीच भीषण टक्कर हो गयी। इस घटना में एनएच 19 पर पेड़ पर पानी दे रहे सुभाष साव की दर्दनाक मौत हो गई जबकि टैंकर चालक दीपक कुमार और ट्रेलर चालक बिनोद यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय पुलिस की मदद से धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। मामले में बताया जा रहा है कि सुभाष पिछले 3 साल से एस3जी इंफ्रा कंपनी में काम कर रहा था और एनएच 19 पर पानी के टैंकर का काम करता था। हादसे के दिन वह दीपक कुमार के साथ जोड़ा पीपर के पास पौधों में पानी दे रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रेलर ने टैंकर को टक्कर मार दी जिससे सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई।

# 'न झुका हूं, न झुकूंगा, टाइगर अभी जिंदा है', ईडी से पूछताछ के बाद लालू समर्थकों ने पटना में लगाए पोस्टर

**पटनाः** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव के समर्थन में उनके पटना स्थित आवास के बाहर पोस्टर लगाए गए। बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले के सिलसिले में उनसे पूछताछ की थी। पोस्टरों पर लिखा था, न झुका हूं, न झुकूंगा, टाइगर अभी जिंदा है। यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी पाने के लिए अपने प्रभाव का दुरुपयोग किया। इस मामले में ईडी की जांच जारी है।




मंगलवार को लालू प्रसाद की पत्नी और आरजेडी नेता राबड़ी देवी और उनके बेटे तेज प्रताप यादव इस मामले में पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुए। इस बीच, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके खिलाफ 'राजनीतिक प्रतिशोध' के तहत मामले दर्ज किए जा रहे हैं। सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए यादव ने कहा कि इससे सरकार मजबूत होगी और बिहार में सत्ता में आने का मौका मिलेगा।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने संवाददाताओं से कहा, राजनीतिक प्रतिशोध के कारण हमारे खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। इससे हम पर कोई असर नहीं पड़ता। वे चिंतित और भयभीत हैं। वे संवैधानिक संस्थाओं का जितना दुरुपयोग करेंगे, हम उतने ही मजबूत होंगे। हम उसी ताकत से बिहार में सरकार बनाएंगे। भाजपा और आईटी सेल की सभी टीमें अब सिर्फ बिहार में काम करेंगी। दूसरी ओर, केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने राजद सुप्रीमो लालू यादव पर हमला करते हुए कहा कि बिहार को भ्रष्ट परिवार से कोई मुख्यमंत्री नहीं चाहिए।




# मुख्यमंत्री ने बंशीधर महोत्सव पर गढ़वा जिले को 183 करोड़ की 27 योजनाओं की दी सौगात

संवाददाता

4,लीड

**रांची/गढ़वाः** मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष यहां बंशीधर महोत्सव मनाया जाता है परन्तु विगत कुछ वर्षों से इस महोत्सव को और अधिक भव्य बनाने एवं महोत्सव का पैमाना बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने संकल्प लिया है।

बंशीधर महोत्सव का सीएम ने किया शुभारंभः सोरेन ने बुधवार गढ़वा जिला स्थित नगरऊंटारी में आयोजित राजकीय बंशीधर महोत्सव-2025 को संबोधित करते हुए कहा कि देश-दुनिया में यह महोत्सव अपना अलग स्थान बनाए, इस निमित्त हमारी सरकार ने इस महोत्सव को राजकीय महोत्सव के रूप में आयोजित करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमसभी लोग इस महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं। इस पावन बेला पर आप सभी को राज्य सरकार की ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में हम राज्यवासियों के उत्थान तथा उनके विकास के लिए क्या-क्या कार्य करेंगे, इसकी रूपरेखा तैयार हो रही है। इन कार्यों का बजटीय उपबंध विधान सभा सत्र के माध्यम से पारित कर राज्य सरकार अपना कार्य शुरू करेगी, इस निमित्त विधान सभा सत्र आहूत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके इस मैदान में मैं पहली बार नहीं आया हूं, कई बार आया हूं। मैं आप लोगों का शुक्रिया अदा करता हूं, हाथ जोड़कर नमन करता हूं ,कि आप लोगों ने हमें कभी निराश नहीं किया। आज आशीर्वाद के रूप में आप लोगों ने सरकार को मजबूत करने के लिए, अपने बंशीधर नगर और पलामू प्रमंडल को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार के पक्ष में दो-दो विधायक चुनकर दिए हैं।



**झारखंड सरकार ने नारी शक्ति को दिया सम्मानः** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को उनके पैरों पर खड़ा करने हेतु ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए इस राज्य की सभी महिलाओं को हमने सम्मान राशि देने का काम किया है। देश के 28 राज्यों में नारी शक्ति को सबसे अधिक सम्मान देने का काम झारखंड में किया जाता है, वह भी राज्य सरकार के द्वारा। उन्होंने कहा कि हम कहते नहीं हैं ,हम करके दिखाने वाले लोग हैं। हमने चुनाव से पहले जो वादा किया, सरकार बनते ही उस वादा को पूर्ण करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुझे तकलीफ भी होती है कि इतना मन लगाकर कार्य करने के बावजूद कुछ असामाजिक तत्व किस्म के लोग हमारे कार्यों में व्यवधान डालते हैं। हमें कार्य करने से रोकते हैं एवं झूठा आरोप लगाकर हमें परेशान किया जाता है। इन लोगों को अच्छा कार्य पसंद नहीं है।

जल संकट से उभरेगा पलामू प्रमंडलः सीएम सोरेन ने कहा कि पलामू प्रमंडल पानी के लिए हमेशा तरसता रहा है। यह शैडो जोन में आता है, गर्मी यहां अधिक पड़ती है। किसान पानी की बूंद के लिए तरसते रहते है ,लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं हो पाती है, इसके लिए आप लोग चिंता ना करें। पूर्व के अपने शासनकाल में हमने इस क्षेत्र के गांव, खेत और किसानों तक पानी पहुंचाने के एक संकल्प लिया था, उसके तहत हम लोगों ने कनहर परियोजना का शुभारंभ किया था। लगभग 1200 करोड़ रुपए की यह योजना आने वाले 6 से 8 महीने में पूर्ण होने जा रहा है ,जो यहां के किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने का कार्य करेगा।

**सभी धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगाः** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों ने बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव बनाया। इसी तरह पलामू प्रमंडल में हम लोगों ने आदिवासी भाइयों के दुबिया खांड मेला को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया है। अब इस राज्य में ऐसे सभी धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की भावी योजना बनाने की तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गठन के बाद हम लोगों ने कलम चलाना प्रारंभ किया है ,अभी इसे जमीन में उतरना बाकी है। आप सभी का आशीर्वाद आप लोगों का सहयोग यूं ही बना रहा तो विगत 5 साल में जो गति विकास को दिया गया है ,उस गति को 100 गुना बढ़ाने का मैं वादा करता हूं। यहां की जो भी चिर परिचित मांगे है उन सभी मांगों का समाधान करने का कार्य राज्य सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकार गठन के बाद पहला सत्र हम लोग चला रहे हैं, इसके बाद सरकार आपके द्वार आएगी। आपकी समस्या का समाधान आपके दरवाजे पर करने का कार्य करेगी। एक बार पुनः मैं अपनी ओर से बंशीधर महोत्सव की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।

**8 योजनाओं की आधारशिला और 19 योजनाओं का किया उद्घाटनः** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 45 करोड़ 88 लाख 57 हजार रुपए की लागत से 8 योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, 136 करोड़ 84 लाख 51 हजार रुपए की लागत की 19 योजनाओं का उद्घाटन किया। जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ , उनमें भंडरिया, रंका, धुरकी, चिनियाँ, रमकंडा और गढ़वा में मल्टीपरपस इनडोर स्टेडियम का निर्माण सहित स्वास्थ्य तथा पथ निर्माण विभाग के विभिन्न 19 योजनाएं शामिल हैं। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, आईजी पलामू सुनील भास्कर, डीआईजी, वाई। एस रमेश और जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



## शायरे हिन्दुस्तानी दिलकश रांचवी का भव्य स्वागत

**मुरीः** आज मुरी स्टेशन पर अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायरे हिन्दुस्तानी दिलकश रांचवी का मुरी में भव्य स्वागत किया गया। सभी ने उनसे गले मिलकर और माला पहनाकर उनका सम्मान किया। ज्ञात हो कि दिलकश रांचवी उमरा करने मक्का मदीना से जियारत के बाद आज लौटे। इनके बारे में बताया गया कि पूरे संसार में जहां जहां सुन्नी मुसलमान है वहां के लोग इनका कलमा पढ़ते है। काफी लोकप्रिय होने के साथ- साथ रांचवी काफी सम्मानित व्यक्ति भी हैं । इनके स्वागत में पहुंचने वालों में मो फारूक,मो अब्दुल जब्बार,मो मुस्लिम, मो उस्मान,जफरूल हुसैन,इमाम साहब तैयब रजा,सहमत रजा, जुनैद मोमिन, शाहिद मोमिन,समीर अहमद,शमीम रजा,सर्वर रांची, रज्जाक मोमिन,नुरानी,अरसलान, सब्बीर रजा, अब्दुल रजा थे।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में गैस लीक, दो छात्रा और रसोईया झुलसी



**सिमडेगाः** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में गैस लीक होने की वजह से 2 छात्रा और रसोईया झुलस गयी हैं। गैस लीक की वजह लगी आग में झुलसी दोनों छात्राएं 11वीं में पढ़तीं हैं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों छात्राओं और रसोईया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां तीनों का इलाज चल रहा है।

**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कोलेबिरा में हुई घटनाः** घटना सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड में हुई है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोलेबिरा गुरुवार 25 मार्च 2025 को रसोई में गैस सिलेंडर लीक होने की वजह से आग लग गयी। इसमें 11वीं की 2 छात्रा ऐश्वर्या सिंह और आरती कुमारी के साथ-साथ रसोईया किरण कुमारी झुलस गयीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने कहा है कि तीनों की स्थिति खतरे से बाहर है।

### मंत्री इरफान अंसारी ने बाबूलाल मरांडी को दी चुनौती, बोले-

## अगर राज्य से एक भी बांग्लादेशी घुसपैठ मिल गया तो राजनीति से दे दूंगा इस्तीफा

**रांची :** झारखंड की राजनीति में एक बार फिर बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को लेकर बयानबाजी तेज हो चुकी है। लोकसभा में लगातार भाजपा से गोड्डा सांसद संथाल परगना में हो रही बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को उठा रहे हैं।

वहीं, विधानसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा बांग्लादेशी मुद्दे पर झारखंड सरकार को घेरा जा रहा है। अब पलटवार करते हुए झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने कहा, अगर राज्य से एक भी बांग्लादेशी घुसपैठ मिल गया तो राजनीति से दे दूंगा इस्तीफा।



झारखंड में बजट सत्र जारी है। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष ने राज्य में एनआरसी लागू कराने की बात कर दी। साथ ही साथ उन्होंने आरोप लगाया कि संथाल परगना में बढ़ती बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण डेमोग्राफिक चेंज हो रहा है, जिससे आदिवासी समाज शोषण का शिकार हो रहे हैं। इस पर जमकर हंगामा हुआ।

बाबूलाल मरांडी के समर्थन में पूर्व मंत्री रणधीर सिंह ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी पर व्यंग्य करते हुए उन्हें ही बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान कह दिया। यहां तक कि झारखंड में एनआरसी लागू कर उन्हें झारखंड से बाहर करने की बात कह दी है। ज्ञात हो पिछले दिनों इरफान अंसारी ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के गिरिडीह दौरे पर तंज कसते हुए कहा था, वह छत्तीसगढ़ से आए हैं और उनकी राजनीति समाप्त हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने किया पलटवारः बाबूलाल मरांडी और रणधीर सिंह के बयान के बाद सदन का माहौल गरमा गया है। मौके पर पलटवार करते हुए झारखंड सरकार में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा, विपक्ष कमजोर हो चुका है। इनके पास कोई मुद्दा नहीं है। लेकिन अगर आपसी भाईचारे को खत्म करने की कोशिश की जाएगी तो यह बर्दास्त नहीं किया जाएगा। झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास के लिए कार्य कर रही है। बाबूलाल मरांडी को चेतवानी देते हुए इरफान अंसारी ने कहा, अगर राज्य में एक भी बांग्लादेशी घुसपैठ मिल गया तो राजनीति से इस्तीफा दे दूंगा।

### कोयलांचल में बदला मौसम का मिजाज

## सुबह से चल रही ठंडी तेज हवाएं, रुक-रुककर हो रही बारिश

**धनबादः** कोयलांचल में गुरुवार आज सुबह मौसम ने अचानक करवट बदली। धनबाद जिले में कई जगहों पर ठंडी तेज हवाएं चल रहीं हैं। रुक-रुककर बारिश भी हो रही है। बादल गरज रहे हैं, बिजली चमक रही है। मध्यम बारिश ने लोगों को तपती गर्मी से राहत दी है। कई दिनों से भीषण गर्मी झेल रहे लोगों ने राहत की सांस ली है। आसमान में बादल छाये हुए हैं।

सुबह-सुबह मौसम विभाग ने जारी किया था ऑरेंज अलर्टः भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने सुबह ही अलर्ट जारी किया था। सुबह 5 बजकर 57 मिनट और 43 सेकेंड पर ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए मौसम केंद्र ने कहा कि बोकारो, धनबाद और गिरिडीह जिले के कुछ भागों में 2 से 3 घंटे में मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन के साथ बारिश-वज्रपात की प्रबल संभावना है। 5 बुलेटिन में 16 जिलों के लिए जारी हुए अलर्टः मौसम विभाग अब तक 5 अलर्ट जारी कर चुका है, जिसमें 16 जिलों में वर्षा-वज्रपात की चेतावनी दी गयी है। लोगों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की गयी है। किसानों से कहा गया है कि मौसम सामान्य होने तक वे खेतों में जाने से बचें। बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे न जायें। बिजली के पोल से भी लोगों को दूर रहने को कहा गया है।



## मंत्री संजय प्रसाद ने किया पीएम सूक्ष्म खाद उद्योग उन्नयन योजना महोत्सव का शुभारंभ

**हजारीबाग :** जिले में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद उद्योग उन्नयन योजना महोत्सव का शुभारंभ किया गया। यह दो दिवसीय महोत्सव राज्य के उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने उद्घाटन किया।

**योजना से मिलेगा छोटे उद्यमियों को बढ़ावाः** इस अवसर पर मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में छोटे उद्यमियों को सहयोग देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत व्यक्तिगत स्तर पर 10 लाख रुपये तक का लोन उपलब्ध है, जिसमें सरकार सब्सिडी भी देती है। वहीं, समूह में लोन लेने पर 1 करोड़ से 3 करोड़ रुपये तक की राशि मिल सकती है। इससे लाभार्थी अपने उत्पाद को बेहतर पैकेजिंग के साथ बाजार में बेचकर आर्थिक रूप से मजबूत हो सकते हैं।

**80 स्टॉल, 12 जिलों के उद्यमियों की भागीदारीः** इस महोत्सव में झारखंड के 12 जिलों के लगभग 80 स्टॉल लगाए गए, जहां उन उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया, जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाकर खुद का व्यवसाय शुरू किया है। इनमें कई महिला समूह भी शामिल हैं, जिन्होंने लोन लेकर अपने उत्पाद बनाए और बेचे हैं। हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि यह महोत्सव उद्यमियों के लिए एक शानदार अवसर है। यहां उन्हें अपने व्यवसाय को बेहतर बनाने और बाजार में सफल होने की सभी महत्वपूर्ण जानकारियां मिल रही हैं।

सरकार युवाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए कर रही प्रेरितः बेरोजगारी के मुद्दे पर झारखंड सरकार पर विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है, लेकिन इस महोत्सव के दौरान मंत्री संजय यादव ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार युवाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवा मेहनती हैं और अपने परिश्रम से नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। सरकार हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है, ताकि युवा अपने छोटे-छोटे उद्योग शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकें।

# पतंजलि परिवार के तत्वावधान में पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर शुरू

### योग प्रशिक्षक योगाचार्य सुषमा सुमन व प्रदीप सुमन का मुखिया ने पूरे पंचायत की ओर से जताया आभार

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वावधान में निशुल्क पांच दिवसीय योग शिविर जयनगर प्रखंड के नईटांड़ गांव में शुरूआत हुई। वहीं योग शिविर का शुभारंभ नईटांड पंचायत के मुखिया किशोर साव, योगाचार्य सुषमा सुमन, योगी प्रदीप कुमार सुमन, समाजसेवी दिलीप मोदी, संदीप तिवारी, विजय साव, विदेशी दास, अशोक पासवान, भुनेश्वर साव, शिवलाल दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं शिविर के दौरान मुखिया किशोर साव ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे गांव में योग प्रशिक्षक योगाचार्य सुषमा सुमन और को प्रदीप सुमन को बहुत- बहुत बधाई देता हूं। जो हमारे गांव में स्वास्थ्य के प्रति जागृत करने के लिए आए हैं इसके लिए पुरे पंचायत की ओर से धन्यवाद देता हूं साथ में पूरे पंचायत से अनुरोध विनती करता हूं सभी लोग योग का लाभ के साथ आयुर्वेद का लाभ लें। क्योंकि योग करने वाले व्यक्ति 100 साल तक स्वस्थ होकर जीवित रह रहते हैं इसलिए योग करना बहुत जरूरी है प्रत्येक व्यक्ति को चाहे खेती करने वाले किसान को घरेलू काम करने वाले सभी मां- बहन बेटी लोग को भी योग करना बहुत जरूरी है मजदूरी करने वाले लोग को भी योग करना बहुत जरूरी है यह निशुल्क 5 दिन योग का लाभ हम लोग को लेना है योगाचार्य सुषमा सुमन ने संबोधित करते हुए बोली की समस्या इंसान को परेशान करती ही है साथ में चिंतित से बीमार भी हो जाते हैं चाहे डायबिटीज हो





ब्लड प्रेशर हो हार्ट अटैक हो मानसिक रोग हो कितने अन्य प्रकार की बीमारियां से ग्रस्त हो जाते हैं इसलिए सबका निदान है योग आयुर्वेद इसलिए यह संकल्प और बीड़ा योग क्रांति जोड़ी जो उठाए हैं प्रत्येक गांव में निशुल्क योग करना और स्वास्थ्य के प्रति जागृत करना संस्कार के प्रति राष्ट्र की सेवा के प्रति जागृत करना बहुत जरूरी है सभी लोग का सहयोग से यह कार्यक्रम हो रही है अभी मौसम ठंडा गरम दोनों शरीर पर असर करती है इससे सर्दी खांसी बुखार बहुत ज्यादा परेशान करती है इसलिए योग के साथ आयुर्वेद का भी उपयोग करें अभी नीम का पत्ता अवश्य 5 दिन लगतार पिए इससे यह लाभ मिलती है की बीमार होने से बचते हैं गर्म पानी अवश्य पिए मचं संचालन करते हुए योगाचार्य प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि गांव शहर स्कूल कॉलेज सभी जगह जागृत किया जा रहा है लगभग 150योग शिविर लगाने का नया संकल्प है अंतिम व्यक्ति तक योग पहुंचाना और जब तक परमात्मा ने इस धरती पर जिंदगी जीने का अधिकार दिए हैं तब तक यह कार्यक्रम निशुल्क सेवा चलते रहेगी आज योग शिविर में तीन प्राणायाम मुख्य रूप से बताया गया भस्त्रिका कपालभाति अनुलोम विलोम और मंडूकासन सूर्य नमस्कार और एक्वा प्रेशर पॉइंट खाने- पीने का दिनचर्या कौन सा मौसम में कौन सा फल और भोजन करना चाहिए शिविर का समय 5:30 से 7:30 तक सुबह और आज का योग शिविर में सैकड़ो लोग भाग लिए।

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र

# सत्येंद्र नाथ तिवारी ने बिजली वितरण प्रणाली में सुधार की आवश्यकता पर दिया जोर

संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा में आज की कार्यवाही के दौरान विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने बिजली वितरण प्रणाली में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर के खराब होने पर 24 घंटे के भीतर उसे ठीक करने का नियम है लेकिन जब ऐसा नहीं होता तो ग्राहकों को मुआवजा मिलना चाहिए। तिवारी ने यह भी बताया कि विभाग के पास अतिरिक्त ट्रांसफार्मर नहीं होते है, जिससे खराब ट्रांसफार्मर को बदलने में 10 दिन तक का समय लग जाता है और इसकी लागत लगभग 30,000 रुपये होती है।

इस पर राज्य के ऊर्जा मंत्री, योगेंद्र प्रसाद ने स्वीकार किया कि ट्रांसफार्मर की मरम्मत में कभी-कभी देरी होती है, उन्होंने कहा कि सरकार इसे 2025-26 तक सुधारने के लिए ठोस कदम उठाएगी। मंत्री ने बताया कि ट्रांसफार्मर की खराबी पर यदि 24 घंटे में समाधान नहीं होता है तो ग्राहकों को मुआवजा देने का प्रावधान है लेकिन अब तक किसी भी उपभोक्ता ने इस बारे में कोई दावा नहीं किया है। उन्होंने यह भी बताया कि एक नया सॉफ़्टवेयर सिस्टम विकसित किया गया है जो जल्द ही लागू हो जाएगा, ताकि ग्राहकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।



विधायक तिवारी ने आरोप लगाया कि इस व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी है और आज तक किसी भी उपभोक्ता को मुआवजा नहीं मिला है। उनका कहना था कि सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही है और ट्रांसफार्मर के खराब होने के बाद उपभोक्ताओं को बेहद लंबा इंतजार करना पड़ता है। मंत्री ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि यदि किसी क्षेत्र में जल संकट है तो वहां तत्काल ट्रांसफार्मर बदलवा दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ता यदि हजार्ना चाहते हैं तो वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और उनका दावा सुलझाया जाएगा। जिसके बाद विधायक ने यह सवाल उठाया कि सरकार के पास पर्याप्त ट्रांसफार्मर नहीं होते और जब कोई ट्रांसफार्मर खराब हो जाता है तो लोग सामूहिक रूप से चंदा जुटाकर उसे बदलवाते हैं, जिसके बाद रिपेयरिंग में कम से कम 10 दिन लग जाते हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि जहां भी कोई गंभीर समस्या होगी वहां ट्रांसफार्मर को तुरंत बदला जाएगा।

## सीबीआई ने सेना के गैरिसन इंजीनियर साहिल रतुसारिया को घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**रांची:** भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सीबीआई की टीम ने इंडियन डिफेंस सर्विस के गैरिसन इंजीनियर साहिला रतुसारिया को 45 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। साहिल ने एक ठकेदार के 27 लाख बिल के भुगतान में दो प्रतिशत की दर से 54 हजार रुपये रिश्वत मांगा था। आरोपी की गिरफ्तारी रांची के सुजाता चौक से रेलवे स्टेशन जाने के रास्ते में उसके दफ्तर में हुई। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई के अधिकारियों की एक टीम ने गैरिसन इंजीनियर के नामकुम स्थित घर पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार, ठेकेदार ने सीबीआई के अधिकारियों से शिकायत की थी कि उसने काम के बदले 27 लाख रुपये बिल भुगतान के लिए जमा किये है लेकिन गैरिसन इंजीनियर बिल के भुगतान में दो प्रतिशत का कमीशन मांग रहा है। ठेकेदार के आरापे का सत्यापन होने के बाद सीबीआई ने इस मामले में केस दर्ज किया। शिकायत के सत्यापन के दौरान ठेकेदार ने कमीशन के पैसे किस्त में देने की बात कही। इसे गैरिसन इंजीनियर ने स्वीकार कर लिया। वह पेंडिंग बिले के भुगतान के लिए डेढ़ प्रतिशत रिश्वत ले रहा था, इसके बाद सीबीआई अधिकारियों के दल ने गैरिसन इंजीनियर को घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। देर रात तक इंजीनियर के घर सीबीआई की छापेमारी चल रही थी।

## नामकुम की घटना को लेकर प्रदेश राजद ने बनाई विशेष कमेटी

**रांची:** पिछले दिनों नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत होली के दिन हुई घटना को लेकर प्रदेश राजद ने एक विशेष कमेटी का गठन किया है। जो वहां जाकर घटना की जानकारी प्राप्त कर जांच रिपोर्ट प्रदेश कमेटी को सौंपेगी। प्रदेश के अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव ने उक्त विशेष कमेटी का गठन किया है। कमेटी में प्रदेश महासचिव आबिद अली, प्रदेश महासचिव प्रणव कुमार बबलू, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मनोज कुमार अग्रवाल और रांची जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो शामिल है। संयोजक श्री अली को बनाया गया है। मालूम हो कि उक्त घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी।

## चार दिन तक होगी बारिश,बिजली गिरने तथा ओलावृष्टि का भी अलर्ट जारी



**रांची:** राज्य में आज यानी गुरुवार को बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक इस दौरान आकाश से बिजली गिरने तथा ओलावृष्टि का पूवार्नुमान भी है। मौसम विभाग ने रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला-खरसावां में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**15 जिलों में ओलावृष्टि और मेघ गर्जन के आसार :** मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के उत्तरी हिस्से के 15 जिलों में ओलावृष्टि, मेघ गर्जन और तेज हवा चलने के आसार है। मौसम विभाग के मुताबिक आज राज्य के दक्षिणी तथा मध्य भाग में लगभग दिन भर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इस दौरान आकाश से बिजली गिरने तथा ओलावृष्टि का पूवार्नुमान किया गया है।

**राज्य में 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट:** कल यानी 21 मार्च को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां के साथ-साथ रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी और रामगढ़ में कहीं-कहीं ओलावृष्टि, मेघ गर्जन होगा। पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ तथा साहिबगंज जिले के कुछ हिस्से में मेघ गरजने और वज्रपात की आशंका है। वहीं, 22 मार्च और 23 मार्च को भी राज्य में बारिश की संभावना है।

# पोषाहार घोटाला की जांच में पुष्टि के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई : चंद्र प्रकाश

### गिरिडीह सांसद ने बिरनी में 269 मैट्रिक टन अनाज गायब होने के बाद भी एफआइआर नहीं होने पर उठाए सवाल, पूरे झारखंड में जांच कराने की मांग

संवाददाता

**रांची:** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने जिले के बिरनी प्रखंड में आंगनबाड़ी केन्द्रों को मिलनेवाले 260 मेट्रिक टन अनाज गायब करने वाले दोषियों पर अब तक एफआइआर दर्ज नहीं करने और दोषियों से अनाज रिकवरी नहीं होने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि दोषियों को राज्य सरकार द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने इसे लेकर राज्य के मुख्य सचिव का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने मुख्य सचिव से कहा है कि जब एक



प्रखंड में इतना बड़ा अनाज भंडारण घोटाला है तो पूरे राज्य के अलग-अलग प्रखंडों की क्या स्थिति होगी, यह जांच का विषय है। उन्होंने अंदेशा जताया है कि संयुक्त बिहार में जिस प्रकार चारा घोटाला सामने आया था। इसी प्रकार चारा घोटाले से भी बड़ा आंगनबाड़ी पोषाहार अनाज घोटाला झारखंड में हो रहा है। उन्होंने मुख्य सचिव को इस

विषय पर सभी उपायुक्तों से प्रत्येक जिला के प्रखंड वार विस्तृत रूप से अनाज भंडारण का रिपोर्ट मांगने को कहा है। सांसद ने मुख्य सचिव से सात दिनों के भीतर की गई कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा है। उन्होंने मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में यह भी कहा है कि उनके प्रतिनिधि ने इस विषय पर

16 जनवरी 23 को जिले के उपायुक्त को पत्र दिया था। इस पर उपायुक्त ने जांच कराई। जांच करनेवाले झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के जिला प्रबंधक ने संबंधित पदाधिकारी को दोषी पाया। दोषी पदाधिकारी को केवल कार्य स्थल से स्थानांतरण का आदेश सुना दिया गया। इससे आपराधिक षड्यंत्र और गरीब बच्चों के पोषण आहार का गबन करने वालों को संरक्षित करना

प्रतीत हो रहा है क्योंकि दोषियों के खिलाफ अब तक एफआइआर दर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। उन्होंने मुख्य सचिव से कठोरतम कार्रवाई करने की अपेक्षा जताई है।

## लैंड स्कैम: पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की क्रिमिनल रिट पर अब 2 अप्रैल को सुनवाई



**रांची :** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी और निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें उनकी याचिका पर अब 2 अप्रैल को सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान छवि रंजन और एऊ के अधिवक्ता की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए नयी तारीख दी है।

दरअसल, रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी रांची के डीसी और निलंबित आईएएस छवि रंजन, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। जिसपर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है।

बता दें कि छवि रंजन ने अपनी याचिका में ट्रायल कोर्ट द्वारा लिये गये संज्ञान को भी चुनौती दी है। उनकी ओर से कहा गया है कि बिना अभियोजन स्वीकृति के उनके विरुद्ध ट्रायल चलाया जा रहा है, जो न्याय संगत नहीं है।

## वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अचानक बिगड़ी तबीयत, ऑर्किड में भर्ती



**रांची :** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अचानक तबीयत खराब हो गयी। खांसी की शिकायत काफी बढ़ने के बाद उन्हें बुधवार की रात ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां फिलहाल उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

**24 घंटे तक डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे मंत्री:** जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों से मंत्री को खांसी की शिकायत थी। बुधवार की रात सांस लेने में तकलीफ होने और खांसी की समस्या काफी बढ़ जाने के बाद उन्हें ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां वे विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, मंत्री राधाकृष्ण किशोर ओपीडी के छाती रोग विशेषज्ञ डॉ निशीथ कुमार की परामर्श और निगरानी में है। उनकी छाती का सीटी स्कैन किया गया है जिसमें हल्का इंफेक्शन पाया गया है। फिलहाल उन्हें पल्मोनोलॉजी विभाग में रखा गया है। अगले 24 घंटे तक मंत्री डॉक्टरों की निगरानी में ही रहेंगे।

## सिरमटोली फ्लाईओवर के रैंप को हटाने की मांग पर 22 मार्च को रांची बंद का आवाह्न

**रांची:** राजधानी रांची स्थित सिरमटोली फ्लाईओवर के रैंप को हटाने की मांग पर शनिवार यानि 22 मार्च 2025 को रांची बंद का आह्वान किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सिरमटोली बचाओ मोर्चा इसका नेतृत्व कर रहा है। मोर्चा ने रांची बंद के दौरान परीक्षार्थियों, एंबुलेंस और दवा दुकानों को बंद से अलग रखने का फैसला किया है।

राज्यपाल ने भारत में तसर रेशम उद्योग के समावेशी विकास संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा-

## तसर रेशम उद्योग जनजातीय समुदाय की परंपरा और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा



मेट्रो रेज

**रांची:** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार), रांची एवं जैव-विविधता बोर्ड एवं वन विभाग, झारखण्ड द्वारा आज केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची में भारत में तसर रेशम उद्योग के समावेशी विकास विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि तसर रेशम उद्योग न केवल एक कृषि आधारित उद्योग है, बल्कि यह जनजातीय समुदाय की परंपरा और संस्कृति का भी अभिन्न हिस्सा है। झारखंड इस उद्योग में देश का अग्रणी राज्य है और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की आजीविका इससे जुड़ी हुई है। उन्होंने तसर रेशम उद्योग को पर्यावरण-संवेदनशील एवं सतत विकास का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, बल्कि वन संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। राज्यपाल महोदय ने कहा कि तसर रेशम उत्पादन से लगभग 10 मिलियन लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं और भारत सरकार द्वारा केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं कपड़ा मंत्रालय के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को लागू किया जा रहा है, जिससे इस क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है। राज्यपाल ने अपने पूर्व के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार में मई 2014 में केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। इस दौरान, उन्होंने रेशम कृषकों और बुनकरों के कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयासों को निकटता से देखा और उनकी आय बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए। उन्होंने कहा कि झारखंड के तसर उत्पादकों को आगे बढ़ाने और उनकी आजीविका को स्थायी बनाने के लिए नीति-निर्माण में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राज्यपाल महोदय ने कहा कि वैश्विक बाजार में तसर रेशम की मांग लगातार बढ़ रही है और हमें इस अवसर का लाभ उठाते हुए भारतीय तसर रेशम को एक विशेष पहचान दिलानी होगी। इसके लिए ब्रांडिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, निर्यात संवर्धन एवं तकनीकी उन्नति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को और अधिक बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि झारखंड के सारंडा जंगल को अक्सर भारत की तसर राजधानी कहा जाता है और यह माना जाता है कि तसर की उत्पत्ति यहीं हुई थी। इस क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अनुसंधान एवं विकास को प्राथमिकता देनी होगी।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला।**
**(गुमशुदा की तलाश)**



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि पीड़िता अंजु कुमारी, उम्र 17 वर्ष पे0 इग्नासियुस एक्का, ग्राम फसिया ढोढरीटोली, थाना+जिला गुमला (झारखण्ड) जो वर्श 2014 में अंतिम बार दिल्ली में देखा गया था। जिसके संबंध में अहतु थाना कांड सं0 10/19 दिनांक 27.07.2019 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। **जिसका रंग सावला, शरीर सामान्य, बाल काला, भाषा सादरी एवं हिन्दी बोलती है।** इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त लापता लड़की के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते है।

1. पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2. पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गुमला। 9471182113
3. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला – 9431706202
4. थाना प्रभारी, अहतु – 8986604606

पुलिस अधीक्षक, गुमला।

PR 348734 (Police Wireless Headquarter) 24-25 (D)

स्वरोजगार का अनूठा उदाहरण

# जख्मी कपड़ों का अस्पताल खोल जीविकोपार्जन कर रहे हैं सुनील स्वांसी

मेट्रो रेज

**रांची:** 'जख्मी कपड़ों का अस्पताल'! सुनकर अजीब सा लगता है, लेकिन वास्तव में ऐसा एक चलंत अस्पताल है एचईसी परिसर स्थित जगन्नाथपुर क्षेत्र में।

रांची जिला अंतर्गत लापुंग क्षेत्र निवासी (वर्तमान निवास जगन्नाथपुर, धुर्वा स्थित मौसीबाड़ी) सुनील स्वांसी ने जगन्नाथपुर में जख्मी कपड़ों का चलता फिरता (चलंत) अस्पताल खोला है।

सुनील ने बताया कि वह सिर्फ सिलाई खुले हुए या कटे-फटे कपड़ों (परिधानों) की रिपेयरिंग/फिटिंग का काम करते हैं। साथ ही लोगों की शारीरिक बनावट और ग्राहकों की पसंद के अनुरूप कपड़ों की फिटिंग भी करते हैं।

इस संबंध में सुनील ने बताया कि इसके पूर्व वह नई दिल्ली के निकट गुड़गांव में अपने एक परिचित के पास रोजगार की तलाश में पहुंचे। वहां उन्हें ब्लैकबेरी कंपनी और ओरिएंट ग्राफ लिमिटेड कंपनी में कपड़ा सिलने का काम मिला। वहां पर उन्होंने कपड़ों की सिलाई का काम सीखा।




तत्पश्चात पारिवारिक कारणों से वह कुछ दिनों बाद अपने गांव लौट आए। कुछ दिनों तक काम की तलाश में घूमे।

जीविकोपार्जन के लिए उन्होंने कुली मजदूर का काम शुरू किया। लगभग पांच साल तक मजदूरी का काम करके उन्होंने अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण किया।

इस दौरान बढ़ते पारिवारिक खर्च की चिंता उन्हें सताने लगी। उन्होंने मेडिटेशन और योग का सहारा लिया। जीवन से निराश नहीं हुए। मेहनत और ईमानदारी का साथ उन्होंने नहीं छोड़ा।

धुर्वा के जगन्नाथपुर स्थित मौसीबाड़ी में उन्होंने अपने एक रिश्तेदार के सहयोग से अपनी पत्नी अंजू देवी सहित तीन पुत्र और एक पुत्री के साथ रहने लगे। इस क्रम में वह एक समाजसेवी सैंका कच्छप के संपर्क में आए। श्री कच्छप ने उनके हुनर को देखते हुए सिलाई कढ़ाई के क्षेत्र में ही आगे बढ़ने के लिए उन्हें प्रेरित किया। उनका नैतिक बल बढ़ाया। श्री कच्छप की प्रेरणा से सुनील ने साइकिल पर सिलाई मशीन रखकर घूम-घूम कर पुराने और कटे-फटे कपड़ों की मरम्मत करने लगे।

इसी बीच एक स्वयंसेवी संस्था ने भी मेहनत और ईमानदारी के प्रति उनके जज्बे और जुनून को देखते हुए उन्हें सहयोग किया। वर्तमान में सुनील स्वांसी एचईसी परिसर के जगन्नाथपुर मंदिर मार्ग पर सेक्टर 2 के निकट अपने एक पुराने चार पहिया वाहन में सिलाई मशीन व अन्य सामान लेकर जख्मी कपड़ों का चलंत अस्पताल नामक बोर्ड लगाकर जीविकोपार्जन कर रहे हैं।

सुनील बताते हैं कि मेहनत और ईमानदारी के बलबूते आदमी हर मुकाम हासिल कर सकता है। ईश्वर द्वारा दिए गए शरीर का सदुपयोग करें और ईमानदारी का साथ कभी न छोड़ें तो सफलता एक न एक दिन जरूर मिलेगी। सुनील ने इसे सच साबित कर दिखाया है। फिलहाल वे अपने तीन बच्चों को जगन्नाथपुर स्थित योगदा स्कूल व बिरसा शिक्षा निकेतन में पढ़ा रहे हैं। सुनील ने बताया कि सिलाई के काम में उनकी पत्नी अंजू देवी भी भरपूर सहयोग करती है और कंधे से कंधा मिलाकर उन्हें हर परिस्थिति में साथ देती हैं।

सुनील के पास पुराने कपड़ों की मरम्मत करने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचने लगे हैं। 'वाजिब दाम और बेहतर काम' के लक्ष्य के साथ सुनील अपने जीवन पथ पर अग्रसर हैं।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

अपहृता बालिका प्रतिमा तिग्गा, उम्र–करीब 17 वर्ष, पिता–सुशील तिग्गा, सा0–सोगसोगा कुटमाकच्छार, थाना–कुरडेग, जिला–सिमडेगा, राज्य–झारखण्ड, जिसे बहला फुसलाकर केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र अथवा मध्य प्रदेश में काम दिलाने के नाम से अपहरण कर ले जाया गया है, जो अबतक वापस घर नहीं आयी। गुमशुदा बालिका की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिनका विवरणी निम्नवत् है:–

हुलिया की विवरणी :–



लिंग :– स्त्रीलिंग
उम्र :– करीब 17 वर्ष
रंग :– साँवला
बाल :– काला
ऊँचाई :– 5 फीट
भाषा :– सादरी एवं हिन्दी।
पहनावा :– गुलाबी रंग का कुरती एवं काला रंग का जीन्स।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालिका प्रतिमा तिग्गा के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा – मोबाइलनं0–9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706227
थाना प्रभारी, कुरडेग – मोबाइल नं0–9431706233
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9262998531
मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0– मोबाइल नं0–1800–3456–256

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा

PR 348782 Simdega(24-25).D

## सुविचार

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।

## सुनहरा लम्हा: धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स



नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक आईएसएस पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जिससे सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया जा सका। वापसी के बाद दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, जो लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद एक सामान्य प्रक्रिया है। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। सुनीता विलियम्स व उनके सहयोगी की वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो (आईएसआरओ) भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफर यह दशार्ता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों व युवाओं से संवाद किया है और उन्हें वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियाँ न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएँ केवल मानसिकता में होती है और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए तो उसे प्राप्त किया जा सकता है। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स की वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई देते हुए उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका यह मिशन भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देखते हैं।

# चुलबुली गौरैया के लिए घर में बनाएं घोंसला

पशु–पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु –पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं वह हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी–खासी भूमिका निभाते हैं लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता। गौरैया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है। गौरैया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है।

**प्रभुनाथ शुक्ल**

हमारी सोच अब आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी है। हम प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति थोड़ा मित्रवत भाव रखने लगे हैं। घर की छत या बालकनी में पक्षियों के लिए दाना-पानी डालने लगे हैं। गौरैया से हम फ्रेंडली हो चले हैं। किचन गार्डन और घर की बालकनी में कृत्रिम घोंसला लगाने लगे हैं। गौरैया हमारे आसपास आने लगी है। उसकी चीं-चीं की आवाज हमारे घर-आंगन में सुनाई पड़ने लगी है। गौरैया संरक्षण को लेकर ग्लोबल स्तर पर बदलाव आया है, यह सुखद है। फिर भी अभी यह नाकाफी है। हमें प्रकृति से संतुलन बनाना चाहिए। हम प्रकृति और पशु-पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु -पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं वह हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी-खासी भूमिका निभाते हैं लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता। गौरैया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है। गौरैया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है। कभी घर की दीवार पर लगे आईने पर अपनी हमशक्ल पर चोंच मारती दिख जाती। एक वक्त था जब बबूल के पेड़ पर सैकड़ों की संख्या में घोंसले लटके होते थे लेकिन वक्त के साथ गौरैया एक कहानी बन गई। हालांकि पर्यावरण के प्रति जागरूकता के चलते हाल के सालों में यह दिखाई देने लगी है। गौरैया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका है। दुनिया भर में 20 मार्च गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी गौरैया संरक्षण के लिए लोगों से पहल की अपील कर चुके हैं। उन्होंने राज्यसभा सदस्य बृजलाल के प्रयासों को ट्वीटर पर खूब सराहा था और कहा कि गौरैया संरक्षण को लेकर आपका प्रयास बेहतरीन और काबिले तारीफ है। राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरैया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरैया के लिए दाना-पानी और घोंसले की व्यवस्था की है। जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है। जो पशु- पक्षियों के लिए खतरा बन गया है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर के प्रयासों से 20 मार्च का दिन गौरैया के नाम रखा गया। 2010 में पहली बार यह दुनिया में मनाया गया। गौरैया का संरक्षण हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इनसान की भोगवादी संस्कृति ने हमें प्रकृति और उसके साहचर्य से दूर कर दिया है। गौरैया एक घरेलू और पालतू पक्षी है। यह इंसान और उसकी बस्ती के पास रहना अधिक पसंद करती है। पूर्वी एशिया में यह बहुतायत पायी जाती है। यह अधिक वजनी नहीं होती। इसका जीवनकाल दो साल का होता है। यह पांच से छह अंडे देती है। भारत की आंध्र यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में गौरैया की आबादी में 60 फीसदी से अधिक की कमी बताई गई है। ब्रिटेन की रॉयल सोसाइटी आफ प्रोटेक्शन आफ बर्ड्स ने इस चुलबुले और चंचल पक्षी को रेड लिस्ट में डाल दिया है। दुनिया भर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौरैया की आबादी घटी है। गौरैया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है। गौरैया पासेराडेई परिवार की सदस्य है लेकिन इसे वीवरपिंच परिवार का भी सदस्य माना जाता है। इसकी लंबाई 14 से 16 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन 25 से 35 ग्राम तक होता है। यह अधिकांश झुंड में रहती है। यह अधिक से अधिक दो मील की दूरी तय करती है। मानव जहां-जहां गया, गौरैया उसका हमसफर बनकर उसके साथ गयी। गांवों में अब पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। जिसका कारण है कि मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। पहले गांवों में कच्चे मकान बनाए जाते थे। उसमें लकड़ी और दूसरी वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाता था। कच्चे मकान गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराते थे, लेकिन आधुनिक मकानों में यह सुविधा अब उपलब्ध नहीं होती। यह पक्षी अधिक तापमान में नहीं रह सकता। देश की खेती-किसानी में रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता प्रयोग बेजुबान पक्षियों और गौरैया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है। केमिकल युक्त रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से कीड़े-मकोड़े भी विलुप्त हो चले हैं। जिनमें गिद्ध, कौआ, महोख, कठफोड़वा और गौरैया शामिल हैं। इनके भोजन का भी संकट खड़ा हो गया है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर नासिक से हैं और वह बाम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने यह मुहिम 2008 से शुरू की थी। आज यह दुनिया के 50 से अधिक देशों तक पहुंच गयी है। दिलावर के विचार में गौरैया संरक्षण के लिए लकड़ी के बुरादे से छोटे-छोटे घर बनाए जाएं और उसमें खाने की भी सुविधा भी उपलब्ध हो। घोंसले सुरक्षित स्थान पर हों, जिससे गौरैयों के अंडों और चूजों को हिंसक पक्षी और जानवर शिकार न बना सकें। हमें प्रकृति और जीव-जंतुओं के सरोकार से लोगों को परिचित कराना होगा। आने वाली पीढ़ी तकनीकी ज्ञान अधिक हासिल करना चाहती है लेकिन पशु-पक्षियों से वह जुड़ना नहीं चाहती है। इसलिए हमें पक्षियों के बारे में जानकारी दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। जिससे हम अपनी पर्यावरण दोस्त को उचित माहौल दे पाएं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विश्व गौरैया दिवस



# प्लेसमेंट व पैकेज की समस्या से जूझते युवा

ब्लूमबर्ग ने अमेरिका के सात शीर्ष संस्थानों से एमबीए का अध्ययन कर निकले विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर किए गए अध्ययन में इसका खुलासा किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि 2021 की तुलना में 2024 में यह प्रतिशत करीब–करीब चार गुणा बढ़ गया है। 2021 में केवल 4 प्रतिशत पासआउट छात्र ही ऐसे थे जिन्हें पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलता था,

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

पढ़े-लिखे युवाओं के लिए रोजगार की अनुपलब्धता किसी एक देश की समस्या ना होकर वैश्विक बन गई है। अब तो यह भी बेमानी है कि आपने कहां से अध्ययन किया है। हालात यह है कि दुनिया के श्रेष्ठतम अध्ययन केन्द्रों से पासआउट युवा भी अच्छे पैकेज के रोजगार के लिए मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। यह वास्तविकता है कि हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, शिकागो, कोलंबिया, एमआईटी, पेन्सिलवेनिया, एमआईटी जैसे वैश्विक ख्यातनाम संस्थानों से एमबीए किए युवाओं को पासआउट होने के तीन माह बाद तक नौकरी की पेशकश नहीं मिलने की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। ब्लूमबर्ग ने अमेरिका के सात शीर्ष संस्थानों से एमबीए का अध्ययन कर निकले विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर किए गए अध्ययन में इसका खुलासा किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि 2021 की तुलना में 2024 में यह प्रतिशत करीब-करीब चार गुणा बढ़ गया है। 2021 में केवल 4 प्रतिशत पासआउट छात्र ही ऐसे थे जिन्हें पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलता था, वह संख्या 2024 तक बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई है। अमेरिका के शीर्ष सात संस्थनों में कहीं-कहीं तो छह गुणा तक की यह बढ़ोतरी देखी गई है। यह इसलिए भी चिंताजनक है कि जिन संस्थानों के अध्ययन का स्टैंण्डर्ड निर्विवाद रूप से विश्व भर में श्रेष्ठतम रहा है और जिनकी वैश्विक पहचान है, उनकी यह हालत है तो आम संस्थानों की क्या होगी? यह अकल्पनीय है। हो सकता है कि ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट अतिश्योक्तिपूर्ण हो पर हालात जिस तरह के सामने आ रहे हैं उससे यह साफ हो जाता है कि प्लेसमेंट की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। सवाल केवल प्लेसमेंट तक सीमित नहीं है अपितु पैकेज में भी लगातार कमी देखी जा रही है। चंद युवाओं को अच्छा पैकेज मिल जाना इस बात का प्रमाण नहीं हो सकता कि कंपनियों द्वारा युवाओं को अच्छा पैकेज दिया जा रहा है। दरअसल, कोरोना के बाद से प्लेसमेंट और पैकेज को लेकर हालात बहुत हद तक बदल गए हैं। यदि हम भारत की ही बात करें तो देश के शीर्ष प्रबंधन संस्थानों से पासआउट युवाओं को 2022 में औसत 29 लाख का पैकेज मिल रहा था तो वह 2024 आते-आते 27 लाख पर आ गया है। यह सब देश-दुनिया के शीर्ष अध्ययन संस्थानों से पासआउट युवाओं को लेकर है। सामान्य व मध्यस्तरीय संस्थानों से पासआउट युवाओं को मिलने वाला पैकेज तो बहुत ही कम होता जा रहा है। दूसरी ओर घरबार छोड़कर 90 घंटे तक काम करने को लेकर बहस चल रही है। एक और पिकोक कल्चर, हाईब्रीड सिस्टम और वर्क फ्रॉम होम से कार्यस्थल पर युवाओं को लाने की जद्दोजहद जारी है तो दूसरी और कम होते अवसर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं।

सरकारें लाख प्रयास करें या विपक्षी बेरोजगारी बढ़ने के लाख आरोप प्रत्यारोप लगाये पर लगता है कि प्लेसमेंट, रोजगार और पैकेज का संकट किसी एक देश का नहीं अपितु वैश्विक समस्या बनती जा रही है। इससे युवाओं में कहीं ना कहीं निराशा भी आती जा रही है। हालांकि हार्वर्ड, शिकागो आदि के शिक्षा के स्तर को लेकर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता पर तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि हार्वर्ड, शिकागो या इस तरह की उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं में अध्ययन करने वाले कितने युवा होते हैं जिनमें इन संस्थाओं के अध्ययन का खर्च उठाने की क्षमता होती है। जब इस तरह की उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं से अध्ययन प्राप्त कर निकले युवाओं के सामने ही प्लेसमेंट या पैकेज का संकट आ रहा है तो अन्य संस्थानों से अध्ययन प्राप्त युवाओं की स्थिति क्या होगी, यह स्वयं में सोचनीय है। जहां तक हमारे देश की बात की जाए तो यह साफ है कि हमारे यहां एक तरह से अंधी दौड़ चलती है। एक समय था जब कुकुरमुत्ते की तरह प्रबंधन संस्थान खुले और आज हालात यह है कि निजी क्षेत्र में खुले इस तरह के संस्थानों को क्षमता के अनुसार विद्यार्थी ही नहीं मिल रहे हैं। लगभग यही स्थिति इंजीनियरिंग कॉलेजों की होती जा रही है। गली-गली में फामेर्सी संस्थान खुलते जा रहे हैं। सौ टके का सवाल यह है कि अध्ययन संस्थान खोलने की अनुमति के साथ ही अध्ययन का स्तर भी बनाये रखने के लिए फैकल्टी को लेकर भी मान्यता देते समय सरकार को गंभीर होना होगा। जब तक स्तरीय अध्ययन उपलब्ध नहीं होगा तब तक हम पासआउट तो करते रहेंगे पर प्लेसमेंट या अच्छे पैकेज की उम्मीद बेमानी है। सरकार को शिकागो, हार्वर्ड कोलंबिया, पेन्सिलवेनिया या इसी तरह के संस्थानों से पासआउट छात्रों के साथ जो हालात बन रहे हैं, उससे समय रहते सबक लेना होगा और अन्य संस्थानों में भी शिक्षण व शोध की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# राजस्थान में फैमिली के साथ इन जगहों पर करें यात्रा

राजस्थान में सालभर पर्यटकों की भारी भीड़ लगी रहती है। ऐसे में आपको यहां पर जाने के लिए किसी भी अच्छे मौसम का इंतजार करने की जरूरत नहीं होती है। क्योंकि राजस्थान में हर मौसम में पर्यटक आते हैं। वहीं आप कम बजट में राजस्थान की यात्रा कर सकते हैं। क्योंकि राजस्थान आप ट्रेन से पहुंच सकते हैं और स्टे के लिए होटल में सस्ते में मिल जाएंगे। राजस्थान एक ऐसी जगह है, जहां पर आप अपने पूरे परिवार के साथ यात्रा के लिए आ सकते हैं। हालांकि जब आप परिवार के 6-7 लोगों के साथ यात्रा करते हैं, तो इस दौरान आने-जाने से ज्यादा टूरिस्ट प्लेसिस पर टिकट लेने पर खर्च होता है। राजस्थान के कई किलों और महलों आदि को एक्सप्लोर करने के लिए प्रति व्यक्ति टिकट का खर्च बहुत ज्यादा हो सकता है। लेकिन राजस्थान की कुछ जगहें ऐसी भी हैं, जहां पर टिकट प्राइस कम कर दिया गया है। ऐसे में अगर आप भी फैमिली के साथ राजस्थान घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो आप इन जगहों पर जा सकते हैं।



बता दें कि राजस्थान आ रहे लोगों के लिए वन विभाग ने 145 रुपये के टिकट के खर्च में 30 रुपये कम कर दिया है। वहीं विदेशी पर्यटकों के लिए भी टिकट सस्ता हुआ है। 550 रुपए वाली टिकट पर 75 रुपए कम हुए हैं। पिछले साल मेवाड़ जैव विविधता पार्क में टिकट का प्राइस बढ़ाया गया था। लेकिन टिकट का प्राइस बढ़ाने के बाद से वहां पर पर्यटकों की भीड़ में काफी कमी देखी गई थी। जहां टिकट प्राइस बढ़ने से पहले हर दिन करीब 100 के आसपास पर्यटक आते थे। तो वहीं टिकट प्राइस बढ़ने के बाद पर्यटकों की संख्या 10 के आसपास रह गई है। इस जगह पर पहले 200 के करीब पर्यटक आते थे, तो अब यह संख्या 100 के आसपास हो गई। ऐसे में अब एक बार फिर दाम घटने के बाद यह उम्मीद की जा रही है कि पहले कि तरह फिर से पर्यटक आने लगेंगे। वन विभाग के मुताबिक 5 साल तक के बच्चों की एंट्री फ्री होगी और दिव्यांगजनों को भी टिकट के पैसे नहीं देने होंगे। ऐसे में आप भी राजस्थान में अच्छी जगहों पर घूमने का प्लान बना सकते हैं। टिकट प्राइस की दरों में बदालाव करने के बाद वन विभाग द्वारा यह कहा गया है कि हर दो साल में टिकट की कीमतों में बदलाव किया जाएगा। जिसमें 01 अप्रैल को एंट्री फीस और सरचार्ज 10% तक बढ़ाए जाएंगे।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## जिला विद्युत आपूर्ति प्रमंडल की हुई समीक्षात्मक बैठक

# उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान पर दे जोर : डीसी

मेट्रो रेज

साहिबगंजः उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला विद्युत आपूर्ति प्रमंडल की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्युत आपूर्ति में सुधार के लिए त्वरित कार्रवाई करें और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने और उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान पर जोर दिया। बैठक में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के पदाधिकारी तकनीकी



विशेषज्ञ और अन्य संबंधित उपस्थित थे। इस दौरान क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्याओं रखरखाव कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई।

## उपायुक्त ने किया डॉल्फिन महिला शौचालय का निरीक्षण

**साहिबगंज :** सदर प्रखंड के गंगा विहार पार्क संध्या कॉलेज में निमार्णाधीन डॉल्फिन महिला शौचालय का निरीक्षण उपायुक्त हेमंत सती ने किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लियाऔर संबंधित पदाधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्वच्छता और महिलाओं की सुविधा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह शौचालय क्षेत्र में महिलाओं के लिए स्वच्छता और सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। स्थानीय प्रशासन निर्माण कार्य की नियमित निगरानी कर रहा है।



## अवैध मिट्टी खनन पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** राधानगर थाना क्षेत्र के कठाहलबाड़ी मुख्य सड़क पर बुधवार देर रात जिला खनन पदाधिकारी व जिला परिवहन पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर एक दर्जन से अधिक मिट्टी लदा व खाली ट्रेक्टर को जब्त किया।अवैध मिट्टी खनन पर जिला प्रशासन कि कार्रवाई करते हुए राधानगर थाना क्षेत्र के कठाहलबाड़ी मुख्य सड़क पर बुधवार देर रात जिला खनन पदाधिकारी और जिला परिवहन पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर एक दर्जन से अधिक मिट्टी लदा व खाली ट्रेक्टर को किया जब्त। जब्त किया गया सभी ट्रेक्टर को सुरक्षित राधानगर थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। विदित हो कि उधवा प्रखंड के उत्तर पलाशगाछी पंचायत स्थित गंगा नदी किनारे स्थानीय एक जनप्रतिनिधि और कुछ सफेद



पोश मिट्टी माफिया अवैध रूप से मिट्टी खनन कर उस मिट्टी को ऊंचे दाम पर चिमनी भट्टा को बेचा जाता है। ट्रैक्टर के चक्के से उड़ रहे धूल कण से परेशान लोगों ने इसका शिकायत कई बार स्थानीय प्रशासन से की लेकिन इस दिशा में कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं किया गया था। बुधवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है।

## नशे के कारोबारी मस्त, पुलिस प्रशासन पस्त

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** इन दिनों जिला सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र में नशे के कारोबारी धीरे-धीरे बढ़ता नजर आ रहा है सूत्रों की माने तो गांजा,सादा पउडर,सिर्फ, सुलेशन,जैसे कई तरह के नशा का व्यापार किया जा रहा है। विदीत हो की जिरवाबाडी थाना क्षेत्र या नगर थाना क्षेत्र में यह नशे की करोबारी फल फूल रहे है। शाम होते ही प्रत्येक चौक- चौराहा पर नशेड़ियों की जमावड़ा सा लग जाता है। हालांकि पुलिस-प्रशासन के द्वारा कई बार इस ओर नकल कसने की कोशिश भी किया गया है। फिर भी यह थमने का नाम नहीं ले रहा है।आखिर क्यों जिला पुलिस-प्रशासन को नशे की कारोबारी खुला चूनौती देते नजर



आ रहे हैं।

**कहां-कहां होती है बिक्री :** ये नशा के करोबारी एलसी रोड,अंजुमन नगर,जयप्रकाश चौक के गली,महादेवगंज,मदन शाही,जीरवाबड़ी,सहित कई अन्य जगहों पर बेचने की सूचना मिलती रहती है। जिला प्रशासन की ओर से तंबाकू से होने वाली घतक बीमारियों के बारे में जारूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

**कहां-कहां लगता जमावड़ाः** एसडीओ कोठी के समीप पानी टकी,कोर्ट के पछे,स्टेशन चौक, रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट मैदान, स्काउट गाइड परिसर,में नशे में डुबे यवा शाम होते ही नशा करने के लिए जमा हो जाते हैं।

## एसकेएमयू की हैंडबॉल टीम ने किया क्वालीफाई

मेट्रो रेज

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका की हैंडबॉल छात्र टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विदित हो कि पिछले सप्ताह बुधवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका की हैंडबॉल टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय टूनामेंट में भाग लेने के आईआईटी विश्वविद्यालय, ओडिशा गई थी। जहां 16 से 18 मार्च तक सभी पूर्वी विश्वविद्यालयों के बीच उक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें एसकेएमयू की हैंडबॉल टीम ने चौथा स्थान प्राप्त कर ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ओडिशा में खेले गए पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में महात्मा गांधी काशी विश्वविद्यालय ने प्रथम स्थान, उत्कल विश्वविद्यालय भुवनेश्वर ने दूसरा



स्थान, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने तीसरा स्थान तथा सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने चौथा स्थान प्राप्त किया। उक्त चारों विश्वविद्यालय अब ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैम्पिनशिप प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उक्त टूनामेंट 24 से 27 मार्च तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में खेला जाएगा। एसकेएमयू की वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नार्थ बंगाल विश्वविद्यालय, गुरु घाशी दास विश्वविद्यालय बिलासपुर, कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और मुंगेर विश्वविद्यालय को हराकर ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि हमारा विश्वविद्यालय ऑल इंडिया चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर गया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की इस अभूतपूर्व सफलता ने विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। विश्वविद्यालय के खेल पदाधिकारी डॉ. सुजीत सोरेन ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी है और कहा है कि ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए टीम को हिमाचल प्रदेश भेजने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

## शॉट सर्किट से लगी आग, घर का सारा सामान जल कर खाक



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** सदर प्रखंड के हर प्रसाद पंचायत के बलुआ टोली में बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।मिली जानकारी के अनुसार पंचायत के रेखा देवी पति रंजीत सिन्हा के घर में किसी कारण से बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण घर में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया।जब इसकी जानकारी पंचायत के मुखिया देवराज सिंह को हुई,तो उन्होंने फौरन पंचायत के अन्य लोगों के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवारों से हाल चाल जाना,तथा पीड़ित परिवारों को पंचायत के मुखिया ने पच्चीस किलो चावल,दाल,नमक कम्बल, त्रिपाल दो हजार नगद सहित अन्य सामान दिया,साथ ही पीड़ित परिवार हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। वही मुखिया देवराज सिंह ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार वालों को सरकारी सहायता देने की मांग की है।

## एग्री स्मार्ट गांव के तहत किसानों के बीच किया गया बीज का वितरण



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा :** पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को कृषि विभाग के सौजन्य से एग्री स्मार्ट गांव के तहत अहुतग्राम पंचायत के इस्लामपुर गावँ के किसानों को मूंग एवं मक्का कीट का वितरण विधायक प्रतिनिधि बरकत खान,प्रभारी कृषि पदाधिकारी चंदन कुमार सरकार और जेएसएलपीएस बीपीएम मो फैज आलम की उपस्थिति में वितरण किया गया,इस बाबत विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के द्वारा 50 किसानों को मूंग का कीट,32 किसानों को मक्का का कीट व 50 किसानों को सोनाजाईम-जी 5 किलो का वितरण किया गया।मौके पर एग्री स्मार्ट विलेज के सीआरपी फारूक शेख,अबु बक्कर,अब्दुल हकीम,मुंताजुर रहमान,फोटिक शेख,सफीऊर रहमान इत्यादि प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

# योजनों से संबंधित सभी क्लेम सेटेलमेंट 15 दिन के अंदर करें पूरा : उपायुक्त

मेट्रो रेज

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में बुधवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु डोडे की अध्यक्षता में डीसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की तृतीय त्रैमासांत दिसम्बर 2024 में दुमका जिले के बैंको की प्रगति पर समीक्षा की गई । जिसमे उपायुक्त ने दुमका जिले का वार्षिक ऋण योजना लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल करने हेतु निर्देशित किया, जिले के सीडी रेश्यो को 37.74% से बढ़ाकर 40% तक लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया साथ ही पंजाब नेशनल बैंक, आईडीबीआई बैंक तथा झारखंड स्टेट को-ओपरेटिव



बैंक के सीडी रेश्यो मे निराशाजनक प्रदर्शन पर अपनी नाराजगी प्रकट करते हुये कहा की आप सभी यथाशीघ्र इसे मानक के अनुसार पूर्ण करे। उपायुक्त ने आगे चर्चा के दौरान सभी बैंको के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से संबधित सभी क्लेम सेटलमेंट को 15 दिनों के अंदर पूर्ण करना सुनिशित करें अन्यथा उन बैंक शाखा प्रबन्धकों पर विभागीय कारवाई की जाएगी। जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक दुमका को निर्देशित किया की आर सेटी दुमका से प्रशिक्षण प्राप्त सभी प्रशिक्षणार्थियों को ससमय ऋण उपलब्ध करना सुनिशित करें एवं सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, पीएमएसवीएनिधि एवं एसएचजी लिंकेज शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना सुनिशित करें । इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक से नितिन गौरव, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक चन्द्रशेखर पटेल, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी बैंकों के जिला समन्वयक तथा जेएसएलपीएस से सभी बीपीएम उपस्थित रहें ।

न्यूज IN ब्रीफ

## यूनाइटेड गुमानी ग्रुप ने किया 8वें वार्षिक इफ्तार पार्टी का भव्य आयोजन



**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड क्षेत्र के गुमानी स्थित इस्तीसका मैदान में यूनाइटेड गुमानी ग्रुप द्वारा 8वें वार्षिक इफ्तार पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। मौके पर यूनाइटेड गुमानी के लगभग 150 सदस्यों ने भाग लिया।रोजदारों ने इस अवसर पर देश की तरक्की,अमन-ओ-चैन और भाईचारे के लिए विशेष दुआएं मांगी। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और जरूरतमंदों की मदद करने वाली यूनाइटेड गुमानी का यह आठवां वार्षिक इफ्तार पार्टी आयोजन है।इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षक वासिम अख्तर ने कहा कि इफ्तार पार्टी का उद्देश्य सिर्फ रोजा खोलना नहीं,बल्कि एकता और भाईचारे को मजबूत करना है।समाज में अमन-चैन बनाए रखना और जरूरतमंदों की मदद करना हम सबकी जिम्मेदारी है।यूनाइटेड गुमानी ग्रुप हमेशा से सामाजिक कार्यों में आगे रहा है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। वहीं,शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता रियाज राजा ने संगठन में एकता और परोपकार की भावना का महत्व बताते हुए कहा कि समाज की तरक्की तभी संभव है जब हम सब मिलकर एक-दूसरे का सहयोग करें। यह संगठन समाज के कमजोर वर्ग की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। हमें इसी भावना को और मजबूत करना चाहिए, ताकि समाज में समरसता बनी रहे।इस अवसर पर श्रीकुंड मुखिया काबिल अहमद,दरियापुर मुखिया इश्तियाक आलम,हरिहरा मुखिया प्रतिनिधि हैदर अली,आफताब आलम, शाहबाज आलम,वासिम अख्तर,नजमे आलम,शाहीन अख्तर,शकील अख्तर,फारोग अहसान,संतोष कुमार पांडे, रमजान अली,तोफाइल शेख, सोहेल अख्तर सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## प्रेस क्लब के पुनः अध्यक्ष बने दीपक आनंद



**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रेस क्लब की एक बैठक बुधवार कों बरहरवा मेन रोड स्थित पटवारी आवास मे हुई।जिसकी अध्यक्षता दीपक आनन्द ने किया।बैठक मे मुख्य रूप से प्रेस क्लब की पुर्व कमिटी के कुछ सदस्यों के द्वारा सदस्यता त्याग देने के बाद नये सिरे से प्रेस क्लब की कमिटी के पुनर्गठन की चर्चा उपस्थित दर्जनों पत्रकारों के समक्ष की गयी।तत्पश्चात सर्वसहमति से प्रेस क्लब की नयी कमिटी का गठन तीन सदस्यीय पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद वरिष्ठ पत्रकार रामनाथ विद्रोही,अशोक प्रसाद सिंह एंव रमेश हेम्ब्रम के देखरेख मे किया गया।बैठक में सर्वसहमति से प्रेस क्लब के अध्यक्ष के रूप में दीपक आनन्द, उपाध्यक्ष राहुल कुमार कुशवाहा, सचिव नसीरुद्दीन शेख, उपसचिव सन्नी कुमार एवं कोषाध्यक्ष के रुप में संतोष कुमार तिवारी का चयन किया गया।मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक आनंद ने कहा की प्रेस क्लब हमेशा समाज के हित मे काम किया हैं और आगे भी समाज के हित मे कार्य करते रहेगी.मीडिया की भूमिका समाज में अहम होती है जिससे सामाजिक स्तर पर बड़े बदलाव किए जा सकते है समाज को आगे बढ़ाने के लिए मीडिया की भूमिका में हम अपना योगदान हर संभव प्रदान करते रहेंगे,उन्होंने यह भी कहा की प्रेस क्लब द्वारा जल्द ही लोगो के बीच जागरूकता अभियान चलाया जायेगा.उक्त मौके पर भक्ति पांडे,मुख्तार आलम,शंभू कुमार,देवजीत कुशवाहा,सोनू सिंह,शाहिद अनबर,वैदुल आलम,शिवशक्ति कुशवाहा, मुशर्रफ शेख,सिराज शेख , अमरजीत कुमार,भास्कर घोष, श्याम कुमार,अमर कुमार,केशव तिवारी सहित दो दर्जन से भी अधिक पत्रकार उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त ने किया निर्माणाधीन भवनों के निर्माण कार्य का निरीक्षण



**दुमका :** जिले के उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने बुधवार को शहर के जिला परिषद् मद अन्तर्गत निर्माणाधीन भवनों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान दुर्गा स्थान के सामने जिला परिषद् के जमीन पर निमार्णाधीन बहु-उद्देशीय भवन, जिला परिषद् कार्यालय के पश्चिमी छोर पर गाँधी मैदान के सामने निर्माणधीन मार्केट कॉम्पलेक्स एवं जिला परिषद् के उत्तरी छोर पर निर्माणाधीन बहु-उद्देशीय भवन के निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। दुर्गा स्थान के सामने बन रहे बहु-उद्देशीय भवन को एक माह के अन्दर पूर्ण करने तथा कार्य में विलम्ब होने के कारण संवेदक पर दण्ड शूल्क लगाने का निदेश दिया गया। उक्त निमार्णाधीन भवन के पुरब की ओर स्थित जर्जर भवन का पता लगाने एवं यदि वह जर्जर भवन सरकारी है, तो उसको ध्वस्त करने की कार्रवाई हेतु निदेश दिया गया। जिला परिषद् के पश्चिमी एवं उत्तरी छोर पर निर्माणाधीन भवनों के निर्माण कार्य के निरीक्षण के क्रम में संवेदक एवं कनीय अभियंता को ससमय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। जिला परिषद् के कार्यालय परिसर में खराब एवं जर्जर हो चुके उपकरणों का नियमानुसार निलामी कराने का निदेश जिला परिषद् के कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद को दिया गया। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त श्री सिन्हा ने जिला परिषद् कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। कार्यालय निरीक्षण के क्रम में सभी कर्मियों की कर्म पुस्तिका, उनके द्वारा संधारित संचिका, अभिलेख आदि की जाँच की गई तथा सभी पंजियों के सम्यक संधारण एवं अद्यतन करने का निदेश दिया गया। सभी कर्मियों को हिदायत दी गई कि कार्यालय को प्राप्त होने वाले पत्रों के उपस्थापन एवं अनुपालन में विलम्ब होने पर संबंधित कर्मियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त के साथ सौरव कुमार कार्यपालक पदाधिकारी, बिलास साहू, कनीय अभियंता, जिला परिषद्, दुमका एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।



# खेसारी लाल-रति पांडेय स्टारर 'रिश्ते' की धूम

**ली** के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और अभिनेत्री रति पांडेय की फिल्म 'रिश्ते' को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। एसआरके म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर तले बनी इस फिल्म में खेसारी समेत अन्य कलाकारों की दर्शक खूब तारीफ कर रहे हैं। फिल्म निर्माता शर्मिला आर. सिंह और रोशन सिंह ने बताया, 'रिश्ते' को बड़े स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है, जिससे भोजपुरी के साथ-साथ हिंदी भाषी दर्शक भी इस फिल्म का आनंद उठा रहे हैं। फिल्म को लेकर सुपरस्टार खेसारी लाल यादव ने कहा 'रिश्ते' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा है। यह फिल्म हर परिवार को जोड़ने का काम करेगी और दर्शकों के दिलों को छू लेगी। होली के शुभ अवसर पर इसे दर्शकों को समर्पित कर बहुत खुशी महसूस हो रही है। टेलीविजन से बड़े पर्दे तक का सफर तय करने वाली रति पांडेय ने कहा, रिश्ते मेरी दूसरी भोजपुरी फिल्म है और इसमें काम करने का मेरा अनुभव शानदार रहा। इस फिल्म की कहानी और किरदार इतने दमदार हैं कि दर्शकों को इसमें अपना ही अक्स दिखाई देगा। निर्माता रोशन सिंह ने बताया, 'रिश्ते' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि एक सोशल मैसेज है। हम चाहते हैं कि दर्शक इस फिल्म को अपने परिवार के साथ देखें और इसके भावनात्मक पहलू को महसूस करें। इस फिल्म का हर सीन रिश्तों की अहमियत को दिखाता है। फिल्म में खेसारी लाल यादव और रति पांडेय के अलावा आकांक्षा पुरी, विनोद मिश्रा, समर्थ चतुर्वेदी, सुजान सिंह, संजीव मिश्रा, युगांत पाण्डेय, माया यादव, निशा झा, रंभा साहनी, जया पाण्डेय, प्रियांशु सिंह, विजया लक्ष्मी सिंह, दिलीप यादव और सोनू पाण्डेय समेत कई दमदार कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। प्रेमांशु सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म रिश्ते का संगीत भोजपुरी इंडस्ट्री के टॉप संगीतकारों ने तैयार किया है, जिनमें ओम झा, छोटे बाबा और कृष्णा बेदर्दी का नाम शामिल है, जबकि कैमरा डायरेक्टर (डीओपी) बासु हैं। फिल्म के पीआरओ रंजन सिन्हा हैं। उन्होंने कहा, दर्शकों को 'रिश्ते' इसलिए देखना चाहिए कि इसमें भोजपुरी और हिंदी दर्शकों के लिए बेहतरीन कंटेंट के साथ मजबूत स्टारकास्ट और शानदार संगीत है, इसलिए आप सभी अपने परिवार के साथ जाकर फिल्म देखें और इसका आनंद लें।

# सनी ने थामा भोजपुरी सिंगर का हाथ



**सनी लियोनी की जोड़ी भोजपुरी सुपरस्टार के साथ जमी है। वह एक्टर खेसारी लाल यादव या पवन सिंह नहीं हैं। जानते हैं कौन है फिर? सनी लियोनी की फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है।**

**बॉलीवुड** के कई स्टार्स के साथ वह काम कर चुकी हैं। मगर, इस बार उन्होंने बॉलीवुड एक्टर का हाथ थामा है। और वह एक्टर पवन सिंह या खेसारी लाल यादव नहीं हैं। वह एक्टर है नीलकमल सिंह। जी हां, सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का गाना लड़की दीवानी आज मंगलवार को रिलीज हुआ है।

### यूट्यूब पर ट्रेंड हुआ गाना

सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का गाना टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। और यह जबर्दस्त तरीके से ट्रेंड कर रहा है। इसे कुछ ही घंटों में करीब पांच लाख व्यूज मिल गए हैं। इस गाने को नीलकमल सिंह ने गाया है। इसके लिरिक्स आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं।

### नीलकमल ने सनी को सिखाई भोजपुरी

गाने में सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है।

## अयान मुखर्जी ने प्रार्थना सभा में पैपराजी से प्राइवेसी का किया अनुरोध, कहा- ये दुर्गा पूजा नहीं



**फिल्म** निर्माता अयान मुखर्जी ने अपने पिता दिग्गज अभिनेता देब मुखर्जी के निधन पर मंगलवार को एक प्रार्थना सभा रखी। इस दौरान वह पैपराजी से प्राइवेसी बनाए रखने का अनुरोध करते हुए नजर आए। फिल्म निर्माता अयान मुखर्जी के पिता दिग्गज अभिनेता देब मुखर्जी का 14 मार्च को मुंबई में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उनके निधन से इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी। दिवंगत अभिनेता के अंतिम संस्कार में कई दिग्गज शामिल हुए। मंगलवार को अयान मुखर्जी ने मुंबई के अंधेरी स्थित फिल्मालय स्टूडियो में अपने दिवंगत पिता के लिए प्रार्थना सभा आयोजित की। फिल्म निर्माता अयान मुखर्जी प्रार्थना सभा के दौरान दुखी नजर आए। वह इस कठिन समय में पैपराजी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध करते हुए देखे गए, उन्हें यह याद दिलाते हुए कि यह एक निजी कार्यक्रम है, दुर्गा पूजा नहीं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में अयान को यह कहते हुए सुना गया, अंदर बहुत कमर्शियल होगा, लेकिन यह एक प्रार्थना सभा है। अगर आपको लग रहा है कि अच्छे शॉट्स नहीं मिल रहे हैं, तो आई एम सॉरी, हमारे लिए आज ऐसा ही ठीक है।

### बाबिल खान ने बताया, वह

# जसलीन रॉयल संग क्यों करना चाहते थे काम

**अभिनेता** बाबिल खान ने बताया कि वह गायिका जसलीन रॉयल के म्यूजिक वीडियो 'दस्तूर' में काम करना चाहते थे। बाबिल ने इसके पीछे कि वजह भी बताई और रॉयल के आवाज की खूब तारीफ भी की। दिवंगत स्टार इरफान खान के बेटे बाबिल ने इंस्टाग्राम पर



'दस्तूर' म्यूजिक वीडियो के कुछ पलों की तस्वीरें शेयर कीं। बाबिल ने बताया कि रॉयल के साथ म्यूजिक वीडियो मिलने पर हर कोई खुश था। उन्होंने कैप्शन में लिखा, जब जसलीन मेरे साथ म्यूजिक वीडियो करना चाहती थीं, तो हर कोई बहुत खुश था। हालांकि, वह एक स्टार हैं और मैं अभी सफर पर हूं। उन्होंने लिखा, मैं उन्हें तब से जानता हूं जब वह यूट्यूब पर वीडियो बनाती थीं। मुझे उनकी आवाज पसंद है। उनके गाने सुनकर अच्छा लगता है और परेशानियां भी हल्की होती दिखती हैं। मैंने म्यूजिक वीडियो में उनके साथ काम इसलिए किया, क्योंकि जसलीन के पास ऐसी आवाज है, जो बहुत खास है। बाबिल की पोस्ट पर कमेंट करते हुए जसलीन रॉयल ने लिखा, इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए शुक्रिया सुपरस्टार। यह हमेशा खास रहेगा। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद बाबिल ने बॉलीवुड फिल्म 'करीब करीब सिंगल' में कैमरा असिस्टेंट के तौर पर शुरुआत की थी।

## शानदार है बदनाम का गाना इंजेक्शन, सुनकर नाचने पर हो जाएंगे मजबूर: निक्की तंबोली

**बिग** बॉस 14 की पूर्व प्रतियोगी और अभिनेत्री निक्की तंबोली हालिया रिलीज फिल्म 'बदनाम' के इंजेक्शन लगा दो गाने के साथ पंजाबी इंडस्ट्री में डेब्यू कर चुकी हैं। अभिनेत्री ने गाने की खूब तारीफ की और बताया कि यह एक ऐसा गाना है, जिसे सुनकर लोग नाचने पर मजबूर हो जाएंगे। प्रोजेक्ट को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए निक्की ने कहा, मैं पंजाबी इंडस्ट्री में डेब्यू करने और 'बदनाम' का हिस्सा बनने को लेकर बेहद रोमांचित हूं!



उन्होंने कहा, 'इंजेक्शन लगा दो मुझे' एक ऐसा गाना है, जिसे सुनकर आप नाचने को मजबूर हो जाएंगे और मैं ऐसी शानदार टीम के साथ काम करने के अवसर के लिए बेहद आभारी हूं। 'इंजेक्शन लगा दो मुझे' गाने को सुनिधि चौहान ने गाया है। रोमांटिक ड्रामा बदनाम फरवरी में रिलीज हुई थी, जिसमें अभिनेता जय रंधावा, जैस्मिन भसीन और मुकेश ऋषि मुख्य भूमिकाओं में हैं। निक्की तंबोली के करियर की बात करें तो उन्होंने एक मॉडल के तौर पर शुरुआत की थी। साल 2019 में रिलीज हुई तेलुगू हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'चिकाती गडिलो चिताकोटुडु' से अभिनय जगत की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद वह तमिल एक्शन-हॉरर फिल्म 'कंचना 3' में नजर आई, जिसमें उनके किरदार का नाम दिव्या है। उनकी तीसरी फिल्म तेलुगू में 'थिप्पारा मीसम' थी। निक्की ने 2020 में सलमान खान के हिंदी रियलिटी शो बिग बॉस 14 में भी भाग लिया, जहां वह तीसरे स्थान पर रहीं। इसके बाद वह साल 2021 में रोहित शेट्टी के स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी के 11वें सीजन में दिखाई दीं, जिसे दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में फिल्माया गया था। शो में तंबोली 10वें स्थान पर रहीं। रियलिटी शो के अलावा वह कई म्यूजिक वीडियो में भी काम कर चुकी हैं। निक्की साल 2022 में गेम शो द खतरा-खतरा में देखी गई, जिसे कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया ने होस्ट किया था। निक्की, नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ हिंदी फिल्म 'जोगीरा सारा रा रा' के 'कॉकटेल' गाने में भी काम कर चुकी हैं।

# हमारी प्रार्थनाएं कुबूल हुई...

### एक्टर आर. माधवन ने जताई किस बात की खुशी



अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की धरती पर सुरक्षित वापसी का जश्न दुनियाभर में मनाया जा रहा है। अभिनेता आर. माधवन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर खुशी जताई है।

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर लगभग नौ महीने अंतरिक्ष में बिताने के बाद सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए हैं। पिछले साल जून से अंतरिक्ष में फंसे इन अंतरिक्ष यात्रियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन आखिरकार उनका स्पेसक्राफ्ट सफलतापूर्वक फ्लोरिडा के समुद्री तट पर उतर गया। सुनीता विलियम्स की धरती पर सुरक्षित वापसी पर अभिनेता आर. माधवन ने खुशी जताते हुए पोस्ट शेयर किया है।

### आर. माधवन ने किया सुनीता विलियम्स का स्वागत

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर का स्पेसक्राफ्ट सुरक्षित तरीके से धरती पर उतर चुका है। भारतीय समयानुसार, लैंडिंग बुधवार तड़के हुई। इस खबर पर दुनियाभर में खुशी मनाई जा रही है। भारत की बेटी सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी पर अभिनेता आर. माधवन ने आज बुधवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि आखिर दुआएं कुबूल हुईं।

## द कश्मीर फाइल्स के लिए नेटिजन ने विवेक अग्निहोत्री को कहा शुक्रिया

**विवेक** अग्निहोत्री ने साल 2022 में फिल्म द कश्मीर फाइल्स बनाई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। एक सोशल मीडिया यूजर ने ऐसी फिल्म बनाने के लिए निर्देशक को शुक्रिया अदा किया है।



इन दिनों विक्की कौशल की फिल्म छावा चर्चा में है। बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के बीच इस फिल्म पर जमकर विवाद भी हो रहे हैं। छावा की रिलीज के बाद कथित तौर पर औरंगजेब की कब्र हटाए जाने की मांग होने लगी हैं। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन भी हुए हैं। इस सबके बीच फिल्म छावा का जिक्र करते हुए एक सोशल मीडिया यूजर ने विवेक अग्निहोत्री को शुक्रिया कहा है।

एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) पर जे नाम के एक यूजर ने पोस्ट शेयर किया है। इसमें विवेक अग्निहोत्री को टैग करते हुए लिखा है, आपको द कश्मीर फाइल्स जैसी मूवी बनाने के लिए शुक्रिया, नहीं तो हम सामान्य भारतीय तथ्यों से अनजान रहते। यूजर ने हैशटैग के साथ कश्मीरी पंडित, हिंदू लिखा है। साथ ही विक्की कौशल की फिल्म छावा का नाम भी हैशटैग के साथ लिखा है।

# आईओसी के आजीवन मानद अध्यक्ष बने थॉमस बाक

एजेंसी

**कोस्टा नावारिनो :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक को बुधवार को आजीवन मानद अध्यक्ष नामित किया गया। यह ऐतिहासिक घोषणा 144वें आईओसी सत्र के पहले दिन हुई, जब बाक जून में 12 वर्षों के नेतृत्व के बाद पद से हटने की तैयारी कर रहे हैं।ग्रीस के कोस्टा नावारिनो में आयोजित सत्र में आईओसी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को मंजूरी दी और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच इस सम्मान को स्वीकार करने के लिए बाक मंच की ओर बढ़े। 71 वर्षीय इस दिग्गज खेल प्रशासक ने



भावुक होकर कहा, ₹मैं इस महान सम्मान को गहरी विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूँ। यह सिर्फ एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं है, बल्कि हम सभी की संयुक्त सफलता है। अगर हम ओलंपिक मूल्यों के प्रति एकजुट नहीं होते, तो शायद हम यहां तक नहीं पहुंच पाते। इसलिए, जो सम्मान आज मुझे दिया जा रहा है, मैं उसे आप सभी को समर्पित करता हूँ। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता रहे बाक ने खेलों के अपने जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा, ₹कई लोग कह सकते हैं कि पिछले 12 साल कठिन रहे, त्याग की आवश्यकता थी, लेकिन मैंने इसे कभी बलिदान नहीं समझा। एक एथलीट के रूप में मेरा सफर खत्म होने के बाद मुझे खेलों के प्रति अपना जुनून बनाए रखने का सौभाग्य मिला। मेरा ओलंपिक स्वर्ण पदक मेरी जिंदगी बदलने वाला क्षण था, और आईओसी अध्यक्ष के रूप में, मुझे दूसरों के जीवन को बदलने का अवसर मिला। 23 जून को, जो कि ओलंपिक दिवस भी है, बाक का कार्यकाल आधिकारिक रूप से समाप्त होगा और आईओसी अपना 10वां अध्यक्ष चुनेगा। बाक ने विश्वास जताया कि संगठन का भविष्य उज्ज्वल रहेगा। उनके कार्यकाल में बदलाव या बदलाव के लिए तैयार रहो₹ के सिद्धांत पर चलते हुए कई ऐतिहासिक सुधार किए गए। तीन प्रमुख रणनीतिक रोडमैप झ ओलंपिक एजेंडा 2020 (2014), ओलंपिक एजेंडा 2020+5 (2021) और ओलंपिक एआई एजेंडा (2024) झ लागू किए गए, जिसने ओलंपिक आंदोलन को नई दिशा दी। आईओसी सत्र के दौरान, ओलंपिक एजेंडा की उपलब्धियों पर भी चर्चा की गई, जिसने ओलंपिक खेलों को आयोजित करने, प्रस्तुत करने और सुधारने में क्रांतिकारी बदलाव लाए। इस सुधार की सफलता को दशार्ने के लिए 30 मिनट की डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की गई, जिसमें खिलाड़ियों, अधिकारियों और हितधारकों की प्रतिक्रियाएं शामिल थीं। बाक ने कहा, ₹हमने ओलंपिक इतिहास में सबसे व्यापक सुधार कार्यक्रम शुरू किया। यह सिर्फ आईओसी के लिए नहीं, बल्कि पूरे ओलंपिक आंदोलन के लिए था - सहयोग, आधुनिकीकरण और दृढ़ संकल्प की यात्रा। इन सुधारों ने 10 प्रमुख क्षेत्रों को प्रभावित किया, जिनमें एथलीट सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, सतत विकास, वित्तीय स्थिरता और डिजिटलाइजेशन शामिल हैं। आईओसी वित्त आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, इन सुधारों के कारण आईओसी की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है और 2012 की तुलना में व्यावसायिक राजस्व 60 प्रतिशत तक बढ़ गया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव नर्मदा-क्षिप्रा सिंचाई परियोजना का करेंगे लोकार्पण

## 2489 करोड़ रुपए से अधिक लागत की है परियोजना

एजेंसी

**भोपाल :** उज्जैन जिले के तराना में 2,489 करोड़ 65 लाख रुपए लागत की नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन गुरुवार यानी कि आज मुख?यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। बताया जा रहा है कि उक?त परियोजना के सफल होने पर क्षेत्र के कुल 100 ग्रामों की 30 हजार 218 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उज्जैन जिले की दो तहसीलों (तराना, घट्टिया) के कुल 83 ग्रामों की 27,490 हेक्टेयर भूमि और शाजापुर जिले की एक तहसील (शाजापुर) विधानसभा क्षेत्र शाजापुर के कुल




17 ग्रामों की 2728 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इस संबंध में विभाग के सूचना अधिकारी पंकज मित?तल ने बताया कि परियोजना से उज्जैन जिले को उद्योग एवं पेयजल हेतु 129.60 एम.एल.डी. जल, नागदा नगर को उद्योग एवं पेयजल हेतु 129.60 एम.एल.डी. जल तथा तराना, घट्टिया एवं गुराडीया गुर्जर को 21.60 एम.एल.डी. जल पेयजल के लिए प्रदाय होगा। परियोजना से शाजापुर जिले के ग्राम समूह तथा शाजापुर नगर के पेयजल के लिए 43.20 एम.एल.डी. और मक्सी में पेयजल एवं उद्योग हेतु 43.20 एम.एल.डी. का जल प्रदाय होगा। उन्होने कहा, परियोजना में ओंकारेश्वर जलाशय से (ग्राम बड़ेल जिला खंडवा) से भूमिगत पाइप लाइन द्वारा 15 घन मी. प्रति सेकेण्ड की दर से जल 435 मीटर ऊंचाई तक कुल 6 पंपिंग स्टेशन एवं 50 पंप मोटर के माध्यम से उद्वहित किया जायेगा।परियोजना में मुख्य पाइप लाइन एवं वितरण प्रणाली से 2.5 हेक्टेयर चक तक कुल 2254 कि.मी. (3000 एम.एम. व्यास से 63 एम.एम. व्यास) पाइप लाइन बिछाई गई है। प्रति 20 हेक्टेयर पर एक ओ.एम.एस. बाक्स अर्थात कुल 1539 बॉक्स स्थापित किये गये हैं।

# इजराइल का गाजा पर जमीनी हमला, 70 की मौत

एजेंसी

**गाजा पट्टी :** इजराइल ने गाजा पट्टी में सक्रिय आतंकी समूह हमास को तहस-नहस करने के इरादे से युद्ध विराम टूटने के बाद पहली बार बुधवार को जमीनी हमला किया। इस हमले में कम से कम 70 लोग मारे गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसने गाजा में हमास के ठिकानों पर धावा बोला। इस लड़ाई में महत्वपूर्ण जगहों पर उसने कब्जा कर लिया।इससे एक दिन पहले इजराइल ने बमबारी की थी। बमबारी में कम से कम 400 लोगों की जान गई। अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन की खबर के अनुसार, इजराइल ने जमीनी लड़ाई गाजा पर बमबारी करने के एक दिन बाद शुरू की है। इसी के साथ हमास के साथ युद्ध विराम टूट गया। इजराइल ने हमास पर बंधकों को रिहा करने से इनकार करने और मध्यस्थों के प्रस्तावों को अस्वीकार करने का आरोप लगाया। वहीं, हमास ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर एकतरफा युद्ध विराम खत्म करने और बंधकों को जोखिम में डालने का आरोप मढ़ा है। इजराइल के रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि उसके सैनिकों ने उत्तरी और दक्षिणी गाजा के बीच आंशिक बफर बनाने के लिए मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में लक्षित जमीनी गतिविधियां शुरू की हैं। आईडीएफ ने कहा कि हमारे सैनिकों ने नेत्जारिम कॉरिडोर के केंद्र को नियंत्रण में ले लिया है। इजराइल के आक्रामक रुख से हमास के शीर्ष नेतृत्व में खलबली मची हुई है। बुधवार को एक बयान में आतंकवादी समूह ने कहा कि वह जनवरी में इजराइल के साथ किए गए युद्धविराम समझौते के प्रति प्रतिबद्ध है। गाजा के नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बासल के अनुसार, बुधवार को गाजा में इजराइली हमलों में कम से कम 70 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में से 50 उत्तरी और मध्य गाजा, जबकि 20 लोग दक्षिणी शहरों राफाह और खान यूनिस के हैं।

# यूपी में सात आईपीएस अफसरों का तबादला




एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में लगातार आईपीएस अधिकारियों के तबादले हो रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार सुबह सात आईपीएस अफसरों का स्थानान्तरण किया गया है। तबादलों के क्रम में उपेंद्र कुमार अग्रवाल को पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा लखनऊ बनाया गया है। इससे पहले वह पुलिस महानिरीक्षक आर्थिक अपराध में थे। विनोद कुमार सिंह को पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा लखनऊ के पद से मुक्त करते हुए अपर पुलिस आयुक्त अपराध कानपुर नगर बनाया गया है। अमित वर्मा को संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, बनाया गया है। इसी तरह बबलू कुमार कोसंयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, प्रदीप कुमार को पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन वाराणसी। एसएम कासिम आबिदी को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर बनाया गया। वहीं,मनोज कुमार अवस्थी को पुलिस अधीक्षक, कानून एवं व्यवस्था पुलिस महानिदेशक लखनऊ की नई जिम्मेदारी मिली है।

# बिहार का मौसम हुआ सुहाना, अगले दो दिनों के लिए अलर्ट

एजेंसी

**पटना :** बिहार में मौसम का मिजाज बदल गया है। आज सुबह से ही पटना का मौसम सुहाना है। बादलों की अटखेलियां जारी है। कभी हल्की धूप तो कभी बादल छा रहे है। हल्की ठंडी हवा चल रही है। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। अगले तीन दिनों तक लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। 19 मार्च की रात में गरज के साथ पटना सहित कई जिलों में बारिश हुई, जिससे मौसम सुहाना हो गया है। अगले 2 दिनों तक मौसम में बदलाव रहने की उम्मीद है। 21 और 22 मार्च को भारी बारिश और ओले गिरने की संभावना जतायी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, 21 मार्च को रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई और बांका जिलों में बारिश के



साथ वज्रपात और ओलावृष्टि हो सकती है। इसके साथ ही इन जिलों में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। 22 मार्च को अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, गया, भभुआ और रोहतास में भी ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। इन जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार पटना समेत कई जिलों का मौसम बदला रहेगा ।पटना, समस्तीपुर, वैशाली, नालंदा, बेगूसराय और खगड़िया में 20 मार्च से ही बादलों की गड़गड़ाहट और हल्की बारिश होगी। अगले दो दिनों में इन जिलों में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 21 और 22 मार्च को सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, मुंगेर, खगड़िया और शेखपुरा में भी बारिश और वज्रपात की संभावना है। 23 मार्च के बाद मौसम में सुधार होने की उम्मीद है। इस दौरान अधिकतम तापमान 30 से 34 और न्यूनतम तापमान 18 से 24 के बीच रहने का अनुमान है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी को बलिदान दिवस दी श्रद्धांजलि

**भोपाल :** अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की आज गुरुवार को पुण्यतिथि है। हर साल 20 मार्च को बलिदान दिवस के रूप में रानी अवंती बाई की पुण्यतिथि मनाई जाती है। अवंती बाई के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान देने वाली श्रद्धेय, वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।आपका शौर्य, बलिदान एवं त्याग अनंतकाल तक सभी देशवासियों को माँ भारती की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में लगी गोली, तीन अन्य गिरफ्तार

एजेंसी

**बलिया :** जिले की हल्दी थाने की पुलिस ने एटीएम कार्ड के जरिए फ्राड करने वाले बिहार निवासी चार अन्तर्राज्यीय धोखाधड़ी करने वालों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में लगी है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 63 एटीएम कार्ड व दो तमंचे बरामद किए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) कृपाशंकर ने मुठभेड़ की जानकारी देते हुए गुरूवार को क्षेत्राधिकारी बैरिया मो फहीम कुरैशी के नेतृत्व में हल्दी पुलिस टीम बुधवार की रात्रि में चेकिंग कर रही थी। चेकिंग करते समय लगभग रात्रि दो बजे



जानकारी मिली कि हदयाचक तिराहे से पीपा पुल पर जाने वाले रास्ते पर एक कार से चार संदिग्ध लोग जा रहे हैं। पुलिस ने उन्हें रोककर चेकिंग करना चाहा लेकिन चारों उतरकर पुलिस को चकमा देकर भागने लगे। उन चारों में से एक ने पुलिस टीम पर अवैध असलहे से हमला कर दिया। थानाध्यक्ष हल्दी विश्वदीप के नेतृत्व में पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस टीम द्वारा चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एएसपी ने बताया कि पुलिस की गोली से घायल व्यक्ति की पहचान बच्चा लाल पुत्र स्व रामचन्द्र महतो निवासी हरदिया थाना रघुनाथपुर जिला मोतीहारी (पूर्वी चम्पारण) बिहार के रूप में हुई। उसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जबकि अन्य ने अपना नाम क्रमशः साहेब कुमार पुत्र नारद महतो निवासी, मदन महतो पुत्र वासुदेव महतो व लालबाबू महतो पुत्र श्रवण महतो निवासी पंडितपुर थाना पीयरा कोठी जिला मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) बताया। इन सभी के पास से एक यूपी 16 एबी 2488 नंबर की एक आई 20 कार व 52 सौ रुपये नगद बरामद हुआ है। चारों ने पूछताछ में बताया कि इनका एक गैंग है जो बलिया व अन्य स्थानों पर सीधे-साधे लोगों से एटीएम कार्ड फ्राड करके उनका पैसा निकाल लेते हैं या ट्रांसफर कर लेते हैं।

# गठबंधन नहीं, बंगाल में अकेले लड़ने की तैयारी में कांग्रेस

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस हाईकमान ने राज्य की सभी 294 सीटों पर संगठन मजबूत करने का निर्देश दिया है। पार्टी नेतृत्व ने तृणमूल कांग्रेस या वाम दलों के साथ गठबंधन की संभावना पर विचार किए बिना खुद को चुनावी लड़ाई के लिए तैयार करने का फैसला किया है। बंगाल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने गुरुवार को बताया कि इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल ने प्रदेश कांग्रेस नेताओं के साथ बात की है। कांग्रेस हाईकमान ने पश्चिम बंगाल इकाई को संगठन को मजबूत करने और आंदोलन तेज करने का निर्देश दिया। सूत्रों के मुताबिक, अधिकांश प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने सभी 294 सीटों पर चुनाव लड़ने की वकालत की है। हालांकि, हाईकमान ने इस मांग पर तत्काल कोई सहमति नहीं जताई और संगठन को और मजबूत करने का निर्देश दिया। प्रदेश कांग्रेस नेताओं को यह भी सूचित किया गया कि आर.जी. कर अस्पताल की पीड़िता के माता-पिता से मिलने के लिए राहुल गांधी या प्रियंका गांधी में से कोई एक जल्द ही कोलकाता आ सकते हैं। कांग्रेस नेतृत्व वर्तमान में कमजोर राज्यों की स्थिति की समीक्षा कर रहा है और इन राज्यों पर विशेष ध्यान दे रहा है। दरअसल पिछले दो वर्षों से चुनावी व्यस्तताओं के कारण बंगाल कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने पर ध्यान नहीं दिया जा सका। अब पार्टी का शीर्ष नेतृत्व लगातार राज्य के दौरे करेगा।

# ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 14 लाख की ठगी

एजेंसी

**पानीपत :** पानीपत के रहने वाले एक व्यक्ति ने शहर में वर्कशॉप मालिक के बेटे को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 14 लाख रुपए की ठगी कर ली। उसके बेटे को दूसरे देश में भेजकर कई दिनों तक एक कमरे में रखा गया। किसी तरह वह वापस लौटा और आपबीती परिजनों को बताई। आरोपी ने न तो रुपए वापस लौटाए और न ही उसे ऑस्ट्रेलिया भेजा गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में नरेंद्र ने बताया कि वह जाटल रोड का रहने वाला है। वह गाड़ी डेंटिंग-पेंटिंग का काम करता है। उसकी वर्कशॉप पर जसबीर निवासी गांव डाहर गाड़ी ठीक करवाने आया। जिसने उसे बातों ही बातों में बच्चों को विदेश भेजने की बात कही। उसकी बातों में आकर नरेंद्र ने बताया कि उसका भी एक बेटा है, तो जसबीर ने उसके बेटे कमल को ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए 28 लाख रुपए मांगे। इतना ही नहीं, वह मौके पर ही कमल के सभी दस्तावेज ले गया। उसने कथित तौर पर ऑस्ट्रेलिया की फाइल लगवा दी और सात जुलाई 2023 को 54 हजार रुपए की इमिग्रेशन की फीस भी कटवा दी। फाइल कैंसिल होने पर जसबीर ने पांच लाख रुपए और ले लिए और उसी दिन कमल को ऑस्ट्रेलिया के नाम पर दूसरे जहाज में बिठाकर किसी अन्य देश भेज दिया।

# रामनवमी आयोजन को लेकर हिंदू संगठनों में बढ़ा उत्साह जुलूसों की संख्या में 1000 तक बढ़ोतरी की योजना

एजेंसी

**कोलकाता :** पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमलों की पृष्ठभूमि में इस वर्ष पश्चिम बंगाल में रामनवमी का आयोजन बड़े पैमाने पर होने जा रहा है। हिंदू संगठनों ने इस वर्ष रामनवमी जुलूसों की संख्या में कम से कम 25 फीसदी की वृद्धि करने का लक्ष्य रखा है। राज्य में रामनवमी सहित विभिन्न हिंदू त्योहारों का आयोजन मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े संगठन हिंदू जागरण मंच द्वारा किया जाता है। इसके अलावा, विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) भी इस आयोजन में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संघ परिवार से जुड़े सूत्रों के अनुसार, पिछले वर्ष बंगाल में छोटे-बड़े मिलाकर लगभग 815 रामनवमी जुलूस निकले थे, जबकि इस वर्ष यह संख्या एक हजार से अधिक होने की संभावना है। हिंदू जागरण मंच के प्रवक्ता कमलेश पांडे ने कहा कि हर साल रामनवमी उत्सव का विस्तार हो रहा है। पिछले वर्ष कई स्थानों पर भगवान श्रीराम की पूजा के साथ जुलूस निकले थे। इस बार यह आयोजन और व्यापक होगा। हिंदू समाज पर बढ़ते हमलों को देखते हुए लोग अब अधिक संगठित हो रहे हैं। हमारा अनुमान है कि इस बार कम से कम 25 फीसदी अधिक जुलूस निकलेंगे।

संघ से जुड़े एक अन्य नेता ने कहा कि वे सीधे रामनवमी आयोजनों में भाग नहीं लेते, लेकिन इस कार्यक्रम की योजना और रूपरेखा तैयार करने में उनकी भूमिका रहती है। इस वर्ष भी संघ ने बंगाल के हिंदुओं से रामनवमी के दिन अधिक संख्या में बाहर निकलने का आह्वान किया है। संघ के पूर्वी क्षेत्र के सह-प्रचार प्रमुख जिष्णु बोस ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा था कि भारत के अन्य राज्यों के लोग अपने व्यक्तिगत जीवन से लेकर युद्ध तक भगवान श्रीराम का अनुसरण कर खुद को तैयार करते हैं, लेकिन बंगाली समाज ऐसा करने में पीछे रह गया। अब बांग्लादेश की स्थिति को देखकर हर बंगाली को रामनवमी के दिन खुद को तैयार करना चाहिए और संकल्प लेना चाहिए।

## न्यूज IN ब्रीफ

### चकिया में पुत्र-बहु और पुत्री ने की पिता और सौतेली मां की हत्या

**पूर्वी चंपारण :** जिले के चकिया थाना क्षेत्र के शीतलपुर पंचायत के हताहरपुर गांव मे पुत्र ने पिता और सौतेली मां को बांस बैट व कुल्हाड़ी से मारकर डबल मर्डर की घटना को अंजाम दिया है।हत्या के बाद बेटे ने पिता और सौतेली मां के शव को मक्के के खेत में फेक दिया।घटना के बाद पुलिस ने बेटे के साथ उसकी पत्नी और मृतक की बेटी को गिरफ्तार किया है।मृतक भगवान शाह (52) और उनकी पत्नी है। पुलिस को भगवान शाह का शव उनके घर के दरवाजे के पास, जबकि उसकी पत्नी का शव घर से लगभग 200 मीटर दूर मक्के की खेत से बरामद किया है। स्थानीय लोगो के अनुसार भगवान शाह की पहली पत्नी की 2 साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। इसके बाद उसने 7 महीने पहले दूसरी शादी की थी।जिसके बाद से ही घर में विवाद हो रहा था। मृतक का बेटा अभिषेक दोनों शव को चुपके से जलाना चाहता था, लेकिन किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बेटा, बहू और बेटी को हिरासत में ले लिया है,जिससे पूछताछ की जा रही है।

### यात्री वाहन के पलटने से नौ लोग घायल

**कुलगाम :** कुलगाम जिले के निपोरा मीरबाजार में एक एक यात्री वाहन के पलट जाने से नौ लोग घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने गुरूवार को बताया कि यह दुर्घटना मीरबाजार में तब हुई जब पर्यटक यात्री वाहन (पीबी01बी 7720) ने नियंत्रण खो दिया और पलट गया। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए जीएमसी अनंतनाग ले जाया गया है। घायलों की पहचान राजस्थान के विक्रम कुमार, आंध्र प्रदेश के अवला कृष्ण चैतन्य, उत्तर प्रदेश के आफताब, मुंबई के शांबो, राजस्थान के खोता, मुंबई के रामलाल, मुंबई के वबाक कुमार, कलवा मुंबई के अनिल कुमार और राजस्थान के राहुल के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और आगे की जांच जारी है।

### मणिपुर में उग्रवादियों के खिलाफ अभियान जारी, कई गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग अभियानों में कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों ने केसीपी (सिटी मैतेई) के एक कैडर खुमुकचम इबोमचा सिंह (47) सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। अन्य दो में युमनाम प्रेमकुमार सिंह (42) और युमनाम आनंदकुमार सिंह (36) शामिल हैं। बरामद सामानों में एक एम-20 पिस्तौल, एक एम-20 मैगजीन, दो एम-20 कारतूस, 34 कारतूस (9 मिमी), पांच कारतूस (7.62 मिमी, एसएलआर), तीन बाओफेंग वायरलेस सेट, एक सेट चार्जर शामिल है। एक अलग अभियान में कुम्बी थाना क्षेत्र से सोरपा (सामाजिक क्रांतिकारी पार्टी) कंगलेइपाक के कैडर सलाम ब्रोजन सिंह (47) गिरफ्तार को गिरफ्तार किया। वह जबरन वसूली व सरकारी अधिकारियों को धमकाने में शामिल था। उसके पास से बरामद सामानों में आठ मांग पत्र (सोरपा, कंगलेइपाक के नाम पर), विष्णुपुर जिले के 38 स्कूलों की सूची शामिल है। इसके अलावा प्रेपाक (प्रो) और केवाईकेएल के दो उग्रवादी पकड़े गए। भारत म्यांमार सीमा के पास तेंगनौपाल जिले में भारतीय क्षेत्र के बीपी 76 के पास से प्रेपाक (प्रो) के लैशराम तोम्बा सिंह (27) और केवाईकेएल के युमनाम रोशन मैतेई (33) को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक 5.56 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी), तीन एलएमजी मैगजीन, एक एलएमजी मैगजीन ड्रम, 194 कारतूस (5.56 मिमी), एक 7.62 मिमी एके-56 राइफल, दो एके मैगजीन, 125 कारतूस (7.62 मिमी), एक एके राइफल की बायोनेट, एक मोटोरोला सेट चार्जर के साथ, दो गोला-बारूद पाउच, दो कॉम्बैट ड्रेस, दो राइफल स्लिंग, दो जंगल शूज बरामद किए गए। सुरक्षा बलों का अभियान जारी है।

### बीकानेर में कार पर पलटा ट्रक, परिवार के छह सदस्यों की मौत

**बीकानेर :** राजस्थान के देशनोक में बुधवार देररात एक तेज रफ्तार ट्रक पास चल रही कार पर पलट गया। कार में सवार छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में चार भाई शामिल हैं। सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसे के बाद करीब आधा घंटे तक पीड़ित ट्रक के नीचे ही दबे रहे।पुलिस के अनुसार करणी मंदिर के पास रेलवे क्रासिंग पर बने पुल पर यह हादसा हुआ। नोखा से बीकानेर की ओर आ रहा ट्रक असंतुलित होकर नोखा की ओर जा रही कार पर पलट गया। कार पूरी तरह से सड़क पर पिचक गई। इस कार में छह लोग थे। हादसे के आधे घंटे बाद तक सभी लोग ट्रक के नीचे दबे रहे। जेसीबी की मदद से ट्रक को उठाकर सभी को बाहर निकाला गया। इनमें से चार घायलों को देशनोक सीएचसी में और दो को बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में ले जाया गया था। जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कार सवार देशनोक में एक समारोह में शामिल होने आए थे। हादसे में नोखा के रहने वाले अशोक (45) पुत्र जगन्नाथ नाई, मूलचंद्र (45), पप्पूराम (55) पुत्र गंगाराम नाई व श्याम सुंदर (60) व द्वारका प्रसाद (45) पुत्र चेतनराम, करणीराम (50) पुत्र मोहनराम शामिल है। सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। मूलचंद व पप्पूराम सगे भाई थे। वहीं, श्याम सुंदर व द्वारका प्रसाद भी सगे भाई थे। एक्सीडेंट के कारण ओवरब्रिज पर देररात तक जाम लगा रहा।

### पूर्व मंत्री केवल सिंह पठानिया का निधन

**धर्मशाला :** हिमाचल के पूर्व मंत्री केवल सिंह पठानिया का निधन हो गया है। वह पिछले लंबे समय से बीमार चल रहे थे। 88 साल की उम्र में उन्होंने आधी रात को अंतिम सांस ली। पठानिया का आज उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। ईमानदारी और सादगी की मिसाल, पठानिया ने अपने जीवन के अंतिम दिनों तक आम जनता से व्यक्तिगत संपर्क बनाए रखा और उनके दिलों में अपनी जगह बनाई। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर एक बजे बासा वजीरा के मोक्षधाम में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उनके निधन से हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक युग का अंत हो गया है। वर्ष 1972 में उन्होंने नूरपुर क्षेत्र से पहली बार विधायक बनकर विधानसभा में नेतृत्व किया। 1990 में वीरभद्र सिंह की सरकार में, ज्वालामुखी क्षेत्र से विधायक बनकर उन्होंने परिवहन मंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई। 1937 में जन्में केवल सिंह पठानिया ने अपने राजनीतिक जीवन में दो बार विधायक और एक बार कैबिनेट मंत्री के रूप में सेवा दी। उनका राजनीतिक सफर संघर्ष और उपलब्धियों से भरा रहा। कांग्रेस परिवार से होने के बावजूद, उन्होंने आजाद और अन्य दलों से चुनाव लड़े। 1968 में पहली बार ब्लॉक समिति के अध्यक्ष चुने गए। 1972 में उन्होंने आजाद उम्मीदवार के रूप में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा और सत महाजन को हराया। हालांकि, कांग्रेस ने उन्हें पार्टी में शामिल नहीं किया। क्योंकि सत महाजन प्रदेशाध्यक्ष बन चुके थे। इसके बाद, 1977 में जनता पार्टी और 1982 में आजाद प्रत्याशी के तौर पर वह सत महाजन से चुनाव हार गए। 1985 में वीरभद्र सिंह के कहने पर उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा। लेकिन 1989 में कांग्रेस छोड़कर जनता दल के झंडे तले चुनाव लड़ा और सत महाजन को हराया। 1993 में जनता दल का कांग्रेस में विलय हुआ, जिसके बाद पठानिया ने ज्वालामुखी से चुनाव जीता और कांग्रेस सरकार में परिवहन मंत्री बने।

## जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

# योजनाओं की हुई समीक्षा, उपायुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश

**संवाददाता**

**गुमला :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त गुमला, परियोजना निदेशक (आईटीडीए), अपर समाहर्ता गुमला, डीसीएलआर गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी (गुमला, चैनपुर, बसिया), सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

बैठक में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, खाद्य वितरण, पेयजल एवं स्वच्छता सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए और कार्यों में तेजी लाने पर विशेष बल दिया।



स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु निर्देशः बैठक की शुरूआत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा से की गई। उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में अब भी होम डिलीवरी हो रही है, वहां के कारणों की पहचान कर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आधार कार्ड मिसमैच की समस्या पर उपायुक्त ने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि इस समस्या का त्वरित समाधान किया जाए और सभी छूटे हुए पात्र नागरिकों का अविलंब आयुष्मान कार्ड बनाया जाए।

सर्पदंश (स्नेक बाइट) के मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए सिविल सर्जन गुमला ने कहा कि यदि मरीज को 3-4 घंटे के भीतर उपचार मिल जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। जिसपर उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों को आवश्यक एंटी-वेनम स्टॉक सुनिश्चित करने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने ब्लड डोनेशन कैंप का शेड्यूल तैयार करने और नियमित रूप से इसका आयोजन सुनिश्चित करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी एम्बुलेंस बेकार नहीं खड़ी रहनी चाहिए। सभी एम्बुलेंस की नियमित जांच और संचालन सुनिश्चित किया जाए।

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि उन्हें अस्पताल में 15 मिनट से अधिक प्रतीक्षा न करनी पड़े। ब्लड कलेक्शन के बाद ही बच्चों को अस्पताल बुलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए।

अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतारों की समस्या को दूर करने के लिए टोकन सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि सदर अस्पताल में सुधार के लिए बेहतर सुझाव देने वाले नागरिकों को 29 मार्च को सम्मानित किया जाएगा।

समाज कल्याण विभागः समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन और आधार सत्यापन की स्थिति की समीक्षा की गई। सभी सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना पदाधिकारी) को निर्देश दिया गया कि वे केवल कार्यालय कार्य तक सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में जाकर योजनाओं की जमीनी हकीकत का निरीक्षण करें।

मातृ वंदना योजना के तहत शत-प्रतिशत लाभुकों को कवर करने का निर्देश दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मत एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

कल्याण विभागः प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी विद्यालयों को शीघ्र पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों को चेतावनी दी कि यदि वे इसमें लापरवाही बरतते हैं, तो उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पशुपालन विभागः पशु वितरण योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि लाभुक को दिया गया पशु बीमार हो या उसकी आयु कम हो, तो लाभुक उसे लेने से मना कर सकते हैं। उन्होंने सभी पशुओं की टैगिंग और रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा, जिन पशुओं की मृत्यु के बाद बीमा का क्लेम नहीं किया गया है, उसे अविलंब निपटाने के निर्देश दिए गए। कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएचओ(पशु चिकित्सा पदाधिकारी) के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

सार्वजनिक राशन वितरण प्रणालीः सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी राशन डीलर समय पर राशन वितरित करें। जो डीलर समय पर लाभुकों को अनाज देने में असफल रहेंगे, उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे।

पीवीटीजी(विशिष्ट पिछड़ी जनजाति) समुदाय के नागरिकों तक डाकिया योजना के तहत राशन पहुंचाने का विशेष निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक राशन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

सामाजिक सुरक्षा योजनाएंः राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने लाभुकों को समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे फर्जी मामलों की जांच करें और आवश्यक कार्रवाई करें।

पेयजल एवं स्वच्छता विभागः पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा में यूसी (उपयोगिता प्रमाणपत्र) सत्यापन की स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी लंबित प्रमाणपत्रों को अविलंब जमा करने के निर्देश दिए।

बैठक में सरना स्थल एवं धुमकुड़िया भवनों की स्थिति पर भी चर्चा हुई और उनके संरक्षण एवं निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने अन्य कई विभागों की योजनाओं की भी गहन समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने 15 विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## भारतीय सैनिकों की शौर्य यात्रा सराहनीय : अवधेश कुमार सिंह



**बख्तियारपुर (पटना):** भारतीय सैनिकों का देश के प्रति समर्पण और राष्ट्र प्रेम एक ऐसी भावना है, जो हमारे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमें सदैव प्रेरित करती है। भारतीय सैनिक अपने देश के लिए अपनी जान की परवाह नहीं करते हैं। हंसते-हंसते अपने मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। सैनिक हमारे देश के गौरव हैं।

उक्त बातें पटना जिलांतर्गत बख्तियारपुर प्रखंड के करनौती ग्राम निवासी सेवानिवृत्त सैनिक अवधेश कुमार सिंह ने देश पत्र से बातचीत में कही। श्री सिंह ने कहा कि भारतीय सैनिक अपने कर्तव्यों का पालन करने में जरा भी कोताही नहीं करते हैं। सैनिकों का देश के प्रति समर्पण बड़ी ताकत है। वे अपने देश की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना दुश्मनों से लड़ते हैं।

राष्ट्र प्रेम की भावना से ओत-प्रोत भारतीय सैनिक विपरीत और विषम परिस्थितियों में भी अपने मातृभूमि के लिए जान की बाजी लगा देते हैं।

भारतीय सैनिकों की बहादुरी और साहस के किस्से इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में अंकित हैं। श्री सिंह ने कहा कि हाल ही में भारतीय सेना की शौर्य यात्रा में शामिल जांबाज सैनिकों की टोली करनौती ग्राम भी पहुंची, जहां उन सैनिकों का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर करनौती ग्राम वासियों की ओर से भारतीय सैनिकों का जोरदार अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि देश के प्रति भारतीय सैनिकों का योगदान और उनके बलिदान को कभी नहीं भूलें। उन्होंने युवाओं से देश सेवा के लिए आगे आने और भारतीय सेना में अपना कैरियर बनाने की अपील की।

**साभार : सुमित कुमार (देश पत्र)**

# तीन नाबालिक बच्चों के साथ महिला लापता

## पति ने थाना में आवेदन देकर खोजने की लगाई गुहार

**संवाददाता**

**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र के ढेढोली कठरटोली निवासी ललित साहू ने घाघरा थाने में आवेदन दिया है कि उसकी पत्नी गीतांजलि देवी,16 वर्षीय पुत्री सुप्रिया कुमारी, 14 वर्षीय पुत्री स्नेहा कुमारी व 12 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार विगत 12 मार्च से घर से लापता है । जिसे खोज निकालने के लिए मदद करने की गुहार उसे पुलिस प्रशासन से की है। अपने लिखित आवेदन में ललित साहू ने बताया है कि विगत 12 मार्च सुबह 10 बजे उक्त सभी लोग नाश्ता करने के बाद घर से कुछ दूर स्थित तालाब में नहाने की बात कहकर अपन- अपने कपड़े लेकर घर से चले गये। जब दोपहर तक वे लोग घर वापस नहीं लौटे, तो मैं और मेरे माता-पिता तालाब के पास जाकर देखा तो वहां उन लोगों का कपड़ा तो पड़ा था पर कोई वहां पर कोई नहीं था। अगल बगल के लोगों से पूछताछ करने पर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वे सभी लोग खेत के रास्ते घाघरा की तरफ गए हैं , इसके बाद फोन के माध्यम से मैं अपने सभी सगी-संबधिओ के यहां पता किया , लेकिन उसका कोई अता-पता नहीं चला । जिससे हम सभी लोग काफी परेशान हैं मैंने कई बार अपने ससुराल वालों से भी पूछा लेकिन मेरी पत्नी और बच्चों का कुछ पता नहीं चला रहा हैं । इस बात को लेकर हम सभी परिवार के लोग काफी परेशान हैं। पीड़ित ललित ने घाघरा पुलिस से गुहार लगाते हुए कहा है कि मेरी पत्नी वह सभी बच्चो की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करते हुए , इन्हें ढूंढ निकालने में मदद की जाये।







इस संबंध में दूरभाष पर थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर पीड़ित द्वारा विगत 14 मार्च को आवेदन प्राप्त हुआ है उक्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिस जगह पर कपड़ा मिला था वहां खोजबीन की, लेकिन उनका कोई भी सुराग नहीं मिला। उन्होंने कहा इन चारों को सकुशल बरामद करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा खोजबीन का कार्य जारी है और बहुत जल्द इसमें सफलता भी मिलेगी।

## चेंबर संस्थापक ने जेवीएनएल पर लगाया उपभोक्ताओं से ज्यादा पैसे लेने का आरोप



**चक्रधरपुरः** वरिष्ठ भाजपा नेता तथा चाईबासा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संस्थापक अनूप कुमार सुल्तानिया ने आरोप लगाया कि जेवीएनएल आम उपभोक्ताओं से 6.25 पैसे नहीं बल्कि 8.50 में प्रति यूनिट बिजली दर से वसूल रहा है । फिर भी यदि जेवीएनएल 2 प्रति यूनिट बिजली की दर में वृद्धि करता है तो आम उपभोक्ता को 10:30 रुपया प्रति यूनिट बिजली का भुगतान जेवीएनएल को करना पड़ेगा । दरअसल जेवीएनएल द्वारा अपने बिल को इस प्रकार से डिजाइन किया गया है कि आम उपभोक्ता चाह कर भी विभिन्न तरह के चार्जो द्वारा उनसे वसूले जा रहे पैसों की जानकारी प्राप्त नहीं कर सकता है । बिजली उपभोक्ताओं को जो बिल दिया जाता है उसमें प्रति यूनिट बिजली के मूल्य के अलावे 30% से 40% विभिन्न तरह के चार्ज के नाम से वसूला जा रहा है। जेवीएनएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक को झारखंड के आम उपभोक्ताओं को यह बताना चाहिए कि प्रति यूनिट बिजली की कीमत के अलावे वे अन्य कितने प्रकार के चार्ज उनके द्वारा वसूले जा रहे हैं। जो की अंतोगत्वा बिजली उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को ही अपने पॉकेट से देना पड़ रहा है। उसके लिए मेरा बिजली का बिल एक ज्वलंत उदाहरण है।

मेरा बिजली बिल फरवरी 2025 का 4837.02 का आया। जिसमे विवरण इस प्रकार है

| | |
|---|---|
| **571 यूनिट बिजली** | **3797.15 प्रति यूनिठ 6.65** |
| 1.फिक्स चार्ज | 100.91 |
| 2.बिजली ड्यूटी | 227.83 |
| 3.डी पी एस | 633.51 |
| 4.फ्यूल एडजस्ट चार्ज | 76.62 |
| 5.अन्य | 01.00 |
| **कुल रुपए** | **4837.02** |

जेवीएनएल द्वारा बिजली बिल के अलावा लगभग 1040 रुपए विभिन्न तरह के चार्जों के नाम से वसूले गए हैं। मेरा कुल बिल 4837.571 = प्रति यूनिट बिजली की कीमत 8.47 पैसे पड़ा है। इसलिए जे वी एन एल का यह दावा बिल्कुल झूठा है कि वह उपभोक्ताओं को 6.25 पैसे प्रति यूनिट में बिजली की सप्लाई कर रहा है। सिर्फ बिजली की कीमत ही 6.65 पैसे प्रति यूनिट पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक व्यापारी अपना सामान बेचते समय उपभोक्ताओं को सभी तरह के टैक्सों को जोड़कर ही सामान की कीमत बताता है। उसी प्रकार जे वी एन एल को भी बिजली की कीमत के साथ-साथ उसके द्वारा वसूले गये सभी तरह के चार्जो को जोड़कर ही बिजली की कीमत बतानी चाहिए । झारखंड के बिजली उपभोक्ताओं को जे वी एन एल द्वारा अंधेरे में नहीं रखा जाना चाहिए ।



## विधानसभा अध्यक्ष, काबीना मंत्री व गृह सचिव से मिले झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष

**विनय मिश्रा**

**रांची:** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार मूर्मू अपने प्रांतीय टीम के साथ झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो , काबीना मंत्री सुदीव्य कुमार तथा झारखंड की गृह सचिव वंदना डाडेल से मिले। इस क्रम में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के तत्वावधान में पुलिस पदाधिकारीगण एवं पुलिस कर्मियों के लिए किए जा रहे और किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी। सबों ने झारखंड पुलिस एसोसिएशन के दायित्व एवं कार्यों को सराहा और कहा कि- झारखंड पुलिस एसोसिएशन अपने लक्ष्य और उद्देश्य के साथ संगठन को सुचारू और बेहतर बनाऐंगे तथा राज्य सरकार पुलिस के कार्यों की सराहना करने के साथ- साथ हमेशा उनके साथ खड़ी है और यह संगठन निरंतर उपलब्धि और कामयाबी की ओर बढ़े यही मेरी शुभकामना है।

## रजिस्ट्री ऑफिस के गुमला कोर्ट परिसर से चांदली चले जाने से परेशानी



**गुमला :** गुमला बार एसोसिएशन के सचिव ओम प्रकाश ने बताया की गुमला बार एसोसिएशन के सभागार में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई , जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की डीसी , एसी , एसडीओ, सीओ का काम रजिस्ट्री ऑफिस गुमला का कार्य गत 1 फरवरी 2025 से ही अनिश्चितकाल के लिए बंद है , और उक्त कोर्ट (रजिस्ट्री ऑफिस ) चंदाली स्थानांतरित हो जाने के फलस्वरूप समस्त गुमला जिलावासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और संबंधित लोगों को अपने निजी कार्यों सहित अपने न्यायलय संबंधित कार्यों के लिए गुमला कोर्ट परिसर में आना पड़ता हैं , उसके बाद फिर रजिस्ट्री ऑफिस के कार्यों से जिला मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर स्थित रजिस्ट्री ऑफिस चंदाली आना जाना पड़ता हैं ,

# जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन सह सीएचओ सम्मान समारोह

- सहिया स्वास्थ्य विभाग की पहिया है
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मी और समिति हुए सम्मानित
- नुक्कड़ नाटक और सामुहिक नृत्य था मुख्य आकर्षण का केंद्र

**संवाददाता**

**गुमला :** जिला मुख्यालय स्थित ललीत उरांव नगर भवन में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन, सीएचओ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में जिले के सभी प्रखंडों से सहिया, सहिया साथी, प्रखंड सहिया सहजकर्ता (बीएएफ), समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति (भीएचएसएनसी) के अध्यक्ष और सचिव सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार, विशिष्ट अतिथि अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी , जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा, जिला लेखा प्रबंधक प्रमोद साहू, जिला कार्यक्रम समन्वयक (सहिया) अभिनित आनंद, जिला कार्यक्रम समन्वयक (आयुष्मान) मोनिका बाला व अन्य थे।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत पारम्परिक सखुआ से बने पत्ते की टोपी, माला और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।




**सहिया स्वास्थ्य विभाग की पहिया है :** सम्मेलन में मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार कहा कि आज यहाँ एकत्र होकर हम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महत्व को समझने और इसके लिए हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। यह मिशन हमारे देश के लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारे देश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस मिशन के तहत, हम स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सस्ती, और गुणवत्तायुक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सहिया स्वास्थ्य विभाग की पहिया है और यह गांव और स्वास्थ्य विभाग को जोड़ने की महत्वपूर्ण कड़ी है। सहिया की भूमिका इस मिशन में बहुत महत्वपूर्ण है। आप सभी स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आपके प्रयासों से हमारे देश के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद मिल रही है।

आज के सम्मेलन में हमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करने, इसके लिए हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करने, और इस मिशन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नए विचारों और सुझावों को साझा करने का अवसर मिलेगा। अंत में, मैं सभी सहिया , सहिया साथी साथी, बीटीटी, सीएचओ और सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। आइए हम सभी मिलकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को सफल बनाने के लिए काम करें और हमारे देश के लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करें। उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मी और समिति हुए सम्मानितः जिले के सभी समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक -एक ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति (भीएचएसएनसी), एक -एक समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एक -एक प्रखंड सहिया सहजकर्ता (बीएएफ), एक-एक सहिया साथी और पांच -पांच सहिया को पुरस्कार और प्रस्तती पत्र देकर अतिथियों ने किया सम्मानित।

नुक्कड़ नाटक और सामुहिक नृत्य था मुख्य आकर्षण का केंद्रः नगर भवन में आयोजित सम्मेलन में घाघरा प्रखंड की सहिया बहनों द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक, रायडीह प्रखंड की सहिया बहनों द्वारा आयोजित सामूहिक नृत्य था मुख्य आकर्षण का केंद्र। इस अवसर पर सीमा देवी, बबीता देवी, सुशांति द्वारा गाए गीत पर सहिया बहनों को नाचते पर मजबुर कर दिया।

आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा, जिला लेखा प्रबंधक प्रमोद साहू, जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनित आनंद, जिला सहिया सहजकर्ता आरती श्रीवास्तव, प्रखंड सहिया सहजकर्ता सीमा देवी, बबीता देवी, पारसनाथ साहु, लक्ष्मण गोप (सभी घाघरा), सुशांतिधारी किण्डो, बिरेंद्र उरांव, मनोज उरांव, सारिका तिर्की (सभी बिशुनपुर), एजरस एक्का, शांता टोप्पो, मंजूला मिंज, जोसेफिन कुजूर (सभी डुमरी), सुश्री जीवंती कुमारी, जयमनी तिर्की, अंजू खलखो, संगीता खलखो (सभी चैनपुर), सुमन कुजूर, उर्मिला देवी, पुष्पा देवी, बालमुकुंद भगत (सभी रायडीह), उमा देवी, रोजालिया कुजूर, जसिंता कुजूर, नुरे अफसा (सभी सदर), मो॰ रिजवान, पदमा कुमारी, अंजू तिर्की, अनीता बाड़ा (सभी पालकोट), अरुणा देवी, ममता देवी, गीता देवी, देवेश कुमार (सभी बसिया), बबीता देवी, चिंता देवी, जसिंता तोपनो, संतोषी देवी (सभी कामडारा), प्रिया केरकेट्टा, फूलन कुमारी, सुजिता उरांव, शुभेश्वर सिंह (सभी भरनो), हीरामती देवी, सिलवंती मिंज, विनीता सोरेंग, लीलन कुमारी (सभी सिसई), अंजना साहु, लुसी बैक ( दोनों अल्बन ), बली साहु, प्रकाश सिंह , बीणा माधुरी, संतोष पहान, बिक्की दास सहित जिले के लगभग पांच सौ सहिया बहनें उपस्थित हुई।


## जन्मदिन पर जया आस्था को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



जया आस्था को जन्मदिन पर मम्मी -पापा ,अंकल -आंटी, मामा -मामी, मौसी- मौसा फुआ, बिट्टू भैया , सुमित दादा,अमित दादा ,टोनी दीदी ,गोलू एवं कन्हैया की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।